## खबर संक्षेप



### जुआ खेलते 5 गिरफ्तार, 1780 रूपए किये जब्त

**कुठला।** बिलहरी चौकी पुलिस ने बड़ागांव तालाब के पास तासपत्तों से हारजीत का दांव लगा रहे पांच जुआरियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी जुआरियों के पास से 1780 रूपए नकद, तासपत्ते जब्त किए हैं। आरोपियों के खिलाफ जुआ एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है। पुलिस ने बताया कि बडग़ांव में तालाब के पास से पुलिस ने माधवनगर थाना क्षेत्र निवासी लक्ष्मण नागवानी, जीवनलाल मीरचंदानी, मोहित धमोचा, राजकुमार चंदानी, कोतवाली थाना क्षेत्र के मिशन चौक निवासी शहीद अहमद को तासपत्तों से हारजीत का दांव लगाते हुए पकड़ा है। आरोपियों से तासपत्ते और नकद रूपए जब्त किए गए हैं। कार्रवाई में बिलहरी चौकी प्रभारी एसआई सुयश पांडेय, प्रधान आरक्षक संतोष प्रजापति, भरत विश्वकर्मा, आरक्षक लवकुमार उपाध्याय, सौरभ जैन, विकास कुमार भूमिका रही। पूरी कार्रवाई पुलिस अधीक्षक आईपीएस अभिनय विश्वकर्मा के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संतोष डेहरिया और नगर पुलिस अधीक्षक के मार्गदर्शन में की गई है।

### विस्फोटक दुकान, फैक्ट्री का भौतिक सत्यापन करने अधिकारियों का दल गठित

**कटनी।** विस्फोटक दुकान और फैक्ट्री का भौतिक सत्यापन करने के लिए अपर कलेक्टर साधना परस्ते ने अनुविभाग और तहसील और थानावार अधिकारियों का दल गठित किया है। निरीक्षण दल को निर्धारित प्रपत्र में एक्सप्लोसिव लायसेंस के निरीक्षण व सत्यापन के लिए 30 बिंदु वाले प्रपत्र और आतिशबाजी की दुकान एवं अनुज्ञप्तिधारी की जांच हेतु 14 बिंदुओं वाले प्रपत्र में जानकारी भरकर प्रस्तुत करनी होगी। कटनी, विजयराघवगढ़, ढीमरखेड़ा एवं बहोरीबंद अनुविभाग में जांच के लिए गठित दल में संबंधित क्षेत्रों के एसडीएम, आयुक्त नगर निगम व मुख्य नगर पालिका अधिकारी, पीएसपी, एसडीओपी और सीएसपी को शामिल किया गया है। तहसील कटनी, रीठी, बड़वारा, बरही, विजयराघवगढ़, कैमोर बहोरीबंद, बाकल, स्लीमनाबाद, ढीमरखेड़ा, पानउमरिया के अंतर्गत आने वाले तहसीलदारों, थाना प्रभारी और मुख्यकार्यपालन अधिकारियों को शामिल किया गया है।

### अधिवक्ताओं ने की एसपी से की भेंट



**कटनी।** जिला शिकायत समिति की सदस्य एड अंजुला सरावगी बजाज ने बताया की अधिवक्ताओ की जन समस्या जो कि पुलिस विभाग से संबंधित है उसको लेकर नव अधिवक्ता संघ द्वारा एक प्रतिनिधि मंडल जिला पुलिस अधिक्षक अभिनय विश्वकर्मा से मुलाकात की। अंजुला बजाज द्वारा अपने अधिवक्ताओ के साथ एसपी को पुष्प गुच्छभेंट किया। तदोउपरांत वकीलों की जनसमस्यो पर चर्चा की। एसपी ने अंजुला सरावगी बजाज को कहा की आप के द्वारा अधिवक्ताओ या कटनी के जनमानस की जो भी हितो का कार्य करेगी उसमे आपको हमारा पूरा सहयोग रहेगा। प्रतिनिधि मंडल मे अंजुला सरावगी बजाज, राजेश सिंह, अक्षय बजाज, मंगलजीत सिंह, कमलापति त्रिपाठी, विपिन चक्रवर्ति, अनुराग गुता सहित अन्य अधिवक्ता मौजूद रहे।

### भगवान आदिनाथ एवं बाहुबली का हुआ महामस्तिकाभिषेक

**कटनी।** निर्यापक मुनि प्रसाद सागर मुनिश्री पदम सागर, मुनिश्री शीतल सागर महाराज के सानिध्य में पार्श्वनाथ दिग.जैन बड़े मंदिर में प्रातः आदिनाथ भगवान एवं बाहुबली भगवान का महामस्तकाभिषेक विधि विधान के साथ सम्पन्न हुआ।

## बड़वारा तहसील कार्यालय में हुई घटना, तहसीलदार पर परेशान करने के आरोप

# पूर्व विधायक की पत्नी ने केरोसीन उड़ेल की आत्महत्या की कोशिश, मचा हड़कंप

हरिभूमि न्यूज >> बड़वारा

बड़वारा विधानसभा के पूर्व विधायक विजय राघवेंद्र सिंह की पत्नी श्रीमती रंजीता सिंह ने गुरुवार की शाम केरोसिन लेकर बड़वारा तहसील कार्यालय पहुंची जहां उन्होंने कार्यालय के भीतर ही केरोसिन शरीर पर डालकर आत्महत्या की कोशिश करने लगी। कर्मचारी दौड़े एवं उन्हें ऐसा करने से रोका। पूर्व विधायक की पत्नी रंजीता सिंह ने बताया कि बिलायत कला ग्राम में बस स्टैंड में मेरी जमीन 162/1 पर स्थित है उक्त जमीन को मैंने जहांन सिंह से क्रय की थी जिसमें अनुरोध तिवारी नामक व्यक्ति ने अपना जमा रखा है। जमीन से कब्जा हटाए जाने को लेकर बीते 6 माह से बड़वारा तहसील कार्यालय का चक्कर लगा रही हूं लेकिन आज तक कब्जा नहीं हटवाया गया जिससे परेशान होकर मैं आत्महत्या करने के लिए मजबूर हो गई हूं।



### तहसीलदार पर अभद्रता का आरोप

श्रीमती रंजीता सिंह का कहना है कि मेरी जमीन का केस बड़वारा तहसील कार्यालय में चल रहा है। मुझे बड़वारा नायब तहसीलदार अनुराधा सिंह के द्वारा बार बार तहसील कार्यालय बुलाकर भटकाया जा रहा है जब मैंने कहा कि मेडम आप मुझे बार बार भटका रही हैं निर्णय नही कर रही हैं तो नायब तहसीलदार अनुराधा सिंह ने मेरे साथ जाति सूचक शब्दों से दुर्व्यवहार कर बोलीं कि मैं अपने हिसाब से कार्य करूंगी, तुम मेरे से ऊंची आवाज में बात मत करो। रंजीता सिंह ने कहा कि जब जनप्रतिनिधियों के परिजनों के साथ प्रशासनिक अधिकारियों का यह रवैया है तो आम जन के साथ क्या होता होगा, इसकी सहज ही कल्पना की जा सकती है।

बड़वारा थाना प्रभारी केके पटेल का कहना है कि पूर्व विधायक की पत्नी न्याय न मिलने के कारण परेशान होकर तहसील कार्यालय में आत्महत्या करने का प्रयास किया। उनकी जमीन पर अनुरोध तिवारी ने कब्जा कर लिया है। तहसीलदार द्वारा जैसे ही मुझे लिखकर देगे की उक्त व्यक्ति द्वारा कब्जा किया गया है और नही हटा रहा है तो अबैध कब्जा की धारा पर मामला कायम करुंगा। साथ ही एसटी,एससी,एक्ट के तहत मामला पंजीकरण करेंगे और पुलिस बल ले जाकर बल के साथ कब्जा मुक्त करवाएंगे।

### सड़क पर करेंगे प्रदर्शन

रंजीता सिंह ने कहा कि यदि एक सप्ताह के भीतर मेरी जमीन का निराकरण कर न्याय नही दिया गया और नायब तहसीलदार अनुराधा सिंह को निलंबित नही किया जाता तो कांग्रेस पार्टी के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं के साथ सड़क पर उतरकर प्रदर्शन करने को बाध्य हो जाऊंगी जिसकी जबाबदेही प्रशासन की होगी।

### इनका कहना है

इस संबंध में नायब तहसीलदार बड़वारा अनुराधा सिंह का कहना है कि यह बात सही है कि रंजीता सिंह की जमीन का केस बड़वारा तहसील कार्यालय में चल रहा है किंतु आज उनकी पेशी नही थी वे आज तहसील कार्यालय आई थीं और मुझसे बोलीं की आप आज ही निर्णय करें जो कि सम्भव नही था इसी बात से भावावेश में आकर उन्होंने अपने ऊपर ज्वलनशील पदार्थ डाल लीं जिस पर कर्मचारियों द्वारा उन्हें ऐसा करने से रोक लिया गया एवम किसी गम्भीर घटना को घटित होने से सुरक्षित किया गया।



# निर्माणाधीन एनिमल बर्थ कंट्रोल सेंटर का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज >> कटनी

नगर के सार्वजनिक स्थलों में आवारा घूमने वाले श्वानो एवं उनकी जनसंख्या में नियंत्रण लगाने के उद्देश्य से नगर निगम कटनी द्वारा अमकुही स्थित जल शोधन संयंत्र प्लांट में निर्माणाधीन एनिमल बर्थ कंट्रोल सेंटर का निरीक्षण गुरूवार को महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी द्वारा किया जाकर आवश्यक दिशा- निर्देश दिए गए।

इस दौरान निगमाध्यक्ष मनीष पाठक एवं आयुक्त नीलेश दुबे भी विशेष रूप से मौजूद रहे।

निरीक्षण के दौरान महापौर श्रीमती सूरी द्वारा निर्माणाधीन स्थाल पर कराये गए कक्षों के कार्य, कार्यालय परिसर, फ्रीजर स्थल, श्वानों को रखनें हेतु बनाए गए पिंजरों आदि का निरीक्षण कर शेष कार्य को शीघ्र पूर्ण करानें के निर्देश दिए। इस दौरान आयुक्त नीलेश दुबे ने एनिमल बर्थ कंट्रोल रूम के संबंध में विस्तार से जानकारी दी।आयुक्त श्री द्वारा बताया कि इस कंट्रोल रूम में जनसंख्या नियंत्रण हेतु लाए जाने वाले श्वानों के अतिरिक्त आक्रमक किस्म के श्वानों को भी लाया जायेगा तथा उपचार पश्चात पुनः छोड़ दिया जायेगा। इससे आवारा श्वानों की समस्या के संबंध में काफी हद तक छुटकारा मिलेगा।

निरीक्षण के दौरान मेयर इन काउंसिल सदस्य सुभाष साहू, पार्षद सीमा श्रीवास्तव, रेखा संजय तिवरी, ओमप्रकाश बल्ली सोनी, प्रभारी सहायक यंत्री आदेश जैन, स्वास्थ्य अधिकारी संजय सोनी सहित निगम के अन्य कर्मचारियों की मौजूदगी रही।

*मुखबिर की सूचना पर कुठला पुलिस ने की कार्यवाही*

# कार के 23 पेटी देशी शराब की गई जब्त, दो आरोपितों को गिरफ्तार कर भेजा जेल

हरिभूमि न्यूज >> कटनी

चारपहिया वाहन से शराब की तस्करी करने के मामले में कुठला पुलिस ने दो युवकों को गिरफ्तार किया है। थाना प्रभारी राजेन्द्र मिश्र ने बताया कि रात्रि भ्रमण के दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि कार क्रमांक MP 20 ZJ 0162 में भारी मात्रा में अवैध शराब चाका बायपास से ट्रांसपोर्टनगर की तरफ परिवहन की जाने वाली है। सूचना पर उक्त कार की तलाश की गई तभी उक्त कार चाका तरफ से पुरैनी मोड़ आती दिखी जिसे घेराबन्दी करने पर चालक पुलिस को देखकर कार को तेजी से चलाकर भागने का प्रयास करने लगा जिसे पुलिस द्वारा घेराबन्दी कर पकड़ा।




कार सवारों से पूछताछ पर अपना नाम विकास रजक पिता ओमप्रकाश रजक 20 वर्ष निवासी प्रेमनगर एवं शुभम उर्फ दीपक सिंह पिता बुद्धू सिंह 22 वर्ष निवासी प्रेमनगर कटनी का होना बताया। तलाशी लेने पर कार की डिग्गी में तथा गाड़ी के अन्दर बीच सीट में कुल 20 कार्टूनों में भरी 1150 पाव देशी एवं लाल प्लेन मसाला शराब कुल 207 लीटर कीमत 1,15,000 रूपये व कार को जप्त कर धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही कर आरोपियों को न्यायालय पेश किया गया जहाँ से आरोपियों को जेल भेज दिया गया है पूछताछ पर आरोपियों द्वारा बताया गया कि उक्त शराब देवराकला से मनु तिवारी निवासी पन्ना मोड़ और रितिक कुण्डे निवासी झर्रा टिकुरिया के बताये अनुसार पन्ना मोड़ में पहुँचाने ले जा रहा था।

कार्यवाही में थाना प्रभारी कुठला निरीक्षक राजेन्द्र मिश्र के नेतृत्व में की गई जिसमें उप निरीक्षक विनोद सिंह, प्रधान आरक्षक रामेश्वर सिंह, अजय यादव, आरक्षक सतेन्द्र सिंह, पुष्पेन्द्र त्रिपाठी, अजय पाठक की महत्वपूर्ण भूमिका रही है ।

## किसानों को उन्नत तकनीक एवं योजनाओं की दी जानकारी



विकसित कृषि संकल्प अभियान अंतर्गत बड़वारा के विभिन्न ग्राम पंचायतों में कृषि की उन्नत तकनीकों एवं विभागीय योजनाओं की जानकारी हेतु वैज्ञानिकों एवं विभागीय अधिकारियों द्वारा प्रस्तावित पंचायतों में निर्धारित दिनांक और समय अनुसार कार्यक्रम आयोजित कर कृषकों को जानकारी दी जा रही है इसी अंतर्गत गुरूवार को ग्राम पँचायत बिजौरी, कछारी, भुडसा में कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसके अंतर्गत कृषि की उन्नत तकनीको एवं विभागीय योजनाओं की विस्तृत जानकारी कृषकों को दी गई कार्यक्रम में कृषि वैज्ञानिक डॉ आर के मिश्रा, डॉक्टर सुरभि एवं एस. ए. डी. ओ. कृषि आर. के.रावत कृषि विस्तार अधिकारी सन्नी भाबर जे पी यादव अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# 3 ग्राम पंचायत सचिव हुए निलंबित

हरिभूमि न्यूज >> कटनी

जिला पंचायत के सीईओ शिशिर गेमावत ने पदीय दायित्वों में लापरवाही बरतने के कारण जनपद पंचायत ढीमरखेड़ा के ग्राम पंचायत गोपालपुर के तत्कालीन सचिव लखन लाल बागरी व ग्राम पंचायत अंतर्वेद के तत्कालीन सचिव वंशरूलहक और जनपद पंचायत बहोरीबंद के ग्राम पंचायत स्लीमनाबाद के तत्कालीन सचिव काशीराम बेन को तत्काल प्रभाव से निलम्बित कर दिया है।

मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत ढीमरखेड़ा के द्वारा लखन लाल बागरी को 3 जून को मृतिका श्रीमती भूरी बाई को भवन सन्निर्माण योजना अंतर्गत अपात्र होते हुए लाभ पहुंचाने के संबंध में बिंदु बार कारण बताओ सूचना पत्र जारी कर प्रति उत्तर चाहा गया था ।किंतु उत्तर परीक्षण समाधानकारक नहीं पाया गया। श्री बागरी का यह कृत्य शासकीय कार्य के प्रति घोर लापरवाही स्वेच्छाचारिता और पदीय दायित्वों के विपरीत होने के साथ कदाचरण की श्रेणी में आता है। इसी प्रकार अंतर्वेद के सचिव वंशरूलहक मंसूरी को 3 जून को मृतिका गुड्डी बाई को संबल योजना अंतर्गत अपात्र होते हुए भी लाभ पहुंचाने के संबंध में बिंदु बार कारण बताओ सूचना पत्र जारी कर प्रति उत्तर चाहा गया था। जिसका उत्तर परीक्षण समाधानकारक नहीं पाया गया । इसलिए इनका कृत्य शासकीय कार्य के प्रति घोर लापरवाही स्वेच्छाचारिता पदीय दायित्वो के विपरीत होने के साथ कदाचरण की श्रेणी में माना गया।

मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत बहोरीबंद द्वारा काशीराम बेन सचिव ग्राम पंचायत स्लीमनाबाद को 3 जून को पदीय कर्तव्यों के विपरीत कार्य करने, निर्माण कार्यों में अनियमितता , वित्तीय अनियमितता के संबंध में बिंदुवार कारण बताओ सूचना पत्र जारी कर प्रति उत्तर चाहा गया था। किंतु उनके द्वारा 4 जून तक उत्तर प्रस्तुत नहीं किया गया। काशीराम बेन का उक्त कृत्य शासकीय कार्य के प्रति घोर लापरवाही स्वेच्छाचारिता पदीय दायित्वो के विपरीत होने के साथ कदाचरण की श्रेणी में माना गया। इसलिए जिला पंचायत सीईओ गेमावत ने तत्काल प्रभाव से तीनों पंचायत सचिवों को निलंबित कर दिया है। निलंबन अवधि में सचिवों का मुख्यालय संबंधित जनपद पंचायत नियत किया गया है।

*अतिक्रमण अमले द्वारा की जा रही नोटिस एवं जुर्माना की कार्यवाही*

# सार्वजनिक मार्गो पर पुनः अतिक्रमण करने वाले 10 दुकानदारों को नोटिस

हरिभूमि न्यूज >> कटनी

नगर के मुख्य मार्गो की सुगम यातायात व्यवस्था को दृष्टिगत रखते हुए नगर निगम का अतिक्रमण अमले द्वारा रोजाना बाजार क्षेत्र में मुख्य मार्ग के किनारे अतिक्रमण कर आवागमन को बाधित करने वाले व्यवसायियों के विरूद्ध कार्यवाही की जाकर नागरिकों को सुचारू आवागमन की व्यवस्था मुहैया कराने के प्रयास किये जा रहे है। इस कार्यवाही के दौरान अतिक्रमण करने वाले दुकानदारों एवं नागरिकों पर जुर्माना एवं नोटिस जारी करने की कार्यवाही भी की जा रही है।

अतिक्रमण प्रभारी मानेन्द्र सिंह ने बताया कि नगर के बाजार क्षेत्रों में अतिक्रमण अमले द्वारा की जा रही



कार्यवाही के दौरान विभिन्न 10 दुकानदारों द्वारा समझाइश देने के बाद भी सार्वजनिक मार्ग पर दुकान की सामग्री रखकर यातायात को प्रभावित करने पर निगम प्रशासन द्वारा नोटिस जारी किया गया है।

नगर निगम के अतिक्रमण प्रभारी मानेन्द्र सिंह ने बताया कि नगर में सुचारू यातायात व्यवस्था मुहैया कराने के उद्देश्य से बुधवार को अतिक्रमण पाये जाने पर जिन लोगों को नोटिस जारी किया गया है उनमें मिशन चौक स्थित नूर भाई ऑटो पार्ट्स वर्क शॉप, भाईजान हीरो होंडा, मुन्ना बजाज सर्विस सेंटर, बजाज होंडा वर्क शॉप गुड्डु साहू, जबलपुर सर्विस सेंटर तर्की भाई, बजाज प्वाइंट पार्ट्स आजाद चौक स्थित लवली टेंट सप्लायर लक्ष्मी ऑटो पार्ट्स, जाकिर बाईक रिपेयरिंग, हर्ष मार्केटिंग आजाद चैक को नोटिस जारी करने की कार्यवाही की गई। दो दिवस में अतिक्रमण हटाकर विभाग को सूचित करने हेतु निर्देशित किया गया है।

उल्लेखनीय है कि निगमायुक्त नीलेश दुबे द्वारा नागरिकों की सुगम यातायात व्यवस्था को दृष्टिगत रखते हुए नगर के मुख्य एवं सार्वजनिक मार्ग में अतिक्रमण कर व्यवसाय करने वालों पर अभियान चलाकर कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए थे। निर्देशों के परिपालन में निगम के अतिक्रमण अमले द्वारा रोजाना अभियान चलाकर सार्वजनिक मार्गो पर अतिक्रमण कर यातायात बाधित करने वालों पर चालानी, सामग्री जब्त करने तथा नोटिस जारी करने की कार्यवाही की जा रही है।

## कलेक्टर की अध्यक्षता में आयोजित हुई शांति समिति की बैठक

# ईद -ए-अजहा, जगन्नाथ रथयात्रा और मोहर्रम का पर्व व्यवस्थाएं करने दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज >> कटनी

कलेक्टर दिलीप कुमार की अध्यक्षता में गुरुवार को पुलिस कंट्रोल रूम के सभाकक्ष में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में आगामी 7 जून को ईद -ए-अजहा (ईदुज्जहा) बकरीद ,28 जून को भगवान जगन्नाथ रथयात्रा और 6 जुलाई को मोहर्रम का त्यौहार शांति और सौहार्द्रपूर्ण ढंग से मनाने का निर्णय लिया गया। बैठक में पुलिस अधीक्षक अभिनव विश्वकर्मा भी उपस्थित रहे।

बैठक में प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी सभी पर्व और त्यौहार अमन-चौन और भाई -चारा के साथ मनाने का सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया। ईदुज्जहा बकरीद पर्व पर




प्रशासन द्वारा की जाने वाली आवश्यक साफ-सफाई, पानी की व्यवस्था के लिए नगर निगम को जिम्मेदारी दी गई। बिजली आपूर्ति, चिकित्सा व्यवस्था, आपदा राहत, यातायात व्यवस्था, सुरक्षा व्यवस्था आदि के लिए संबंधित विभागों के अधिकारियों को कलेक्टर श्री यादव ने दायित्व सौंपा और सभी व्यवस्थाएं चाक -चौबंद और व्यवस्थित करने के निर्देश दिये। कलेक्टर ने निगमायुक्त को पानी की अतिरिक्त आपूर्ति करने और बिजली अधिकारियों को बिखरे और लटकते तारों को व्यवस्थित करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने बैठक में कहा कि सब मिलकर भाई-चारे के साथ बकरीद सहित आगामी माह में आने वाले सभी त्यौहार हर्षोल्लास से मनाएं। जिला प्रशासन का उद्देश्य यही है कि त्यौहारों का उत्साह और उमंग सदा बना रहे। हमारा प्रयास रहेगा कि बेहतर व्यवस्था उपलब्ध कराई जाए और हर्षोल्लास से गरिमा पूर्ण ढंग से त्यौहार मनाया जाए।

शांति समिति की बैठक में मुस्लिम समुदाय के उपस्थित सदस्यों द्वारा ईदगाह, करबला एवं कब्रिस्तान मार्ग की साफ -सफाई एवं पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था सहित अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं की मांग की गई। उन्होंने कहा कि कटनी जिले में जिला व पुलिस प्रशासन के साथ नागरिकों का तालमेल एक मिसाल है। जिले की शांतिपूर्ण परम्परा का निर्वहन करते हुए ईदुज्जहा का त्यौहार मनाया जायेगा। इसी प्रकार भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा और मोहर्रम का पर्व भी व्यवस्थित स्वरूप में मनाया जायेगा।

बैठक में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संतोष डेहरिया, के अलावा संयुक्त कलेक्टर संस्कृति लटोरिया, डिप्टी कलेक्टर विवेक गुप्ता, तहसीलदार कटनी नगर बी के मिश्रा, भाजपा जिलाध्यक्ष दीपक टंडन सोनी, पूर्व महापौर शशांक श्रीवास्तव, निगमायुक्त नीलेश दुबे , रामरतन पायल, पीतांबर टोपनानी,चमन लाल आनंद, रामचंद्र तिवारी,पूर्व निगमाध्यक्ष सत्यनारायण अग्रहरि, ठाकुर गुमान सिंह,राजा जगवानी,जागीर सिंह भट्टी, श्याम पाहूजा, , रधुवीर सूर्यवंशी आदि की उपस्थिति रही।

# पर्व में कानून एवं सुरक्षा व्यवस्था बनाये रखने अधिकारियों की लगाई गई ड्यूटी

हरिभूमि न्यूज >> कटनी

ईद-ए-अजहा (बकरीद) का त्यौहार 7 जून को मनाया जाना है। जिसमें ईद-ए-अजहा की नमाज ईदगाह व शहर की मस्जिदों में सुबह 8 बजे से दोपहर 12 बजे तक तक अदा की जाएगी। इस त्यौहार को शांतिपूर्ण एवं सौहार्द्र पूर्वक मनाने हेतु कानून व्यवस्था एवं सुरक्षा की दृष्टि से कलेक्टर दिलीप कुमार यादव के निर्देश पर कार्यपालिक दंडाधिकारियों की ड्यूटी लगाई गई है। अपर कलेक्टर द्वारा जारी आदेश के अनुसार बीके मिश्रा तहसीलदार तहसीलदार कटनी एवं कार्यपालिक मजिस्ट्रेट की ड्यूटी ईदगाह आदर्श कॉलोनी, जामा मस्जिद ईश्वरीपुरा वार्ड, नगीना मस्जिद एवं नूरी मस्जिद आजाद चौक में लगाई गई है।

अजीत तिवारी तहसीलदार कटनी (ग्रामीण) एवं कार्यपालिक मजिस्ट्रेट की ड्यूटी अल्फर्ट गंज मस्जिद सुभाष चौक, मदरसा मस्जिद बरगवा थाना रंगनाथ, एक मीनारा मस्जिद बरगवा थाना रंगनाथ एवं झर्रा टिकुरिया मस्जिद में ड्यूटी लगाई गई है। आकाशदीप नामदेव अति. तहसीलदार कटनी एवं कार्यपालिक मजिस्ट्रेट की ड्यूटी खरैनी फाटक मस्जिद, आर्डिनेंस मस्जिद थाना माधवनगर, मंगलनगर मस्जिद एवं अमीरगंज मस्जिद में ड्यूटी लगाई गई है।

इसके अलावा अतुलेश सिंह नायब तहसीलदार पहाड़ी एवं कार्यपालिक मजिस्ट्रेट की ड्यूटी रोशन नगर मस्जिद थाना एनकेज, एनकेजे मस्जिद, आयशा मरकज मस्जिद, अहमद नगर मस्जिद, अहमद मस्जिद कचहरी चौराहा की ड्यूटी लगाई गई है।

## खबर संक्षेप



### एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत किया गया पौधारोपण

**कटनी।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर पर्यावरण संरक्षण संबंधी पहल एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत नवागत पुलिस अधीक्षक कटनी अभिनय विश्वकर्मा द्वारा थाना माधवनगर परिसर में वृक्षारोपण किया गया। एसपी विश्वकर्मा ने वृक्षारोपण के महत्व पर प्रकाश डालते हुये उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को पर्यावरण संरक्षण के लिये प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि एक वृक्ष न केवल पर्यावरण को शुद्ध करता है, बल्कि यह हमारी अगली पीढ़ियों के लिये भी एक अमूल्य धरोहर है। इस दौरान एएसपी डॉ. संतोष डेहरिया, सीएसपी नेहा पच्चिसिया, डीएसपी मुख्यालय प्रभात शुक्ला, कार्यवाहक निरीक्षक अभिषेक चौबे थाना प्रभारी माधवनगर, सूबेदार अंजू लकड़ा प्रभारी रक्षित निरीक्षक कटनी, उप निरीक्षक प्रियंका राजपूत चौकी प्रभारी झिंझरी, उप निरीक्षक नेहा मौर्य चौकी प्रभारी निवार एवं थाना माधवनगर स्टॉफ उपस्थित रहा है। एसपी के निर्देशन में पर्यावरण संरक्षण की दिशा में यह एक सराहनीय पहल है, जो समाज को हरियाली और स्वच्छता के प्रति जागरूक करने में अहम भूमिका निभायेगी।

### विश्व पर्यावरण दिवस पर किया गया पौधारोपण



**कटनी।** राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार जितेन्द्र कुमार शर्मा, प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कटनी मार्गदर्शन में 5 जून को विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर शासकीय कन्या महाविद्यालय कटनी में पर्यावरण के संरक्षण और संवर्धन की दृष्टि से पौधारोपण किया गया। इस अवसर पर सुमित शर्मा व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खण्ड,सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कटनी के द्वारा छात्राओं को संबोधित करते हुये कहा कि वातावरण यदि स्वच्छ होगा तो हम सभी बीमारियों से बचे रहेंगे, पर्यावरण संरक्षण का मतलब केवल पेड़ लगाना ही नहीं है बल्कि प्राकृतिक संसाधनो का संरक्षण भी पर्यावरण संरक्षण है, नदी तालाबो को गंदा न करना एवं आस-पास के क्षेत्रों की साफ सफाई करना सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग न करना भी पर्यावरण संक्षरण है, इसलिए हम सभी को इसका ध्यान रखते हुये अधिक से अधिक पौधे लगाना चाहिए तथा इनका पोषण करना चाहिए। पौधारोपण कार्यक्रम में सुमित शर्मा व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खण्डसचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कटनी के द्वारा पौधा लगाया गया।

## कलेक्टर ने ग्राम बिजौरी में ढ़ाई हजार औषधीय प्रजातियों के पौधों के देवारण्य पार्क का किया निरीक्षण

# धरती में होगी हरियाली तो बेहतर होगा वातावरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

विश्व पर्यावरण दिवस पर विधायक बड़वारा धीरेन्द्र बहादुर सिंह और कलेक्टर दिलीप कुमार यादव ने गुरुवार को एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत विकासखण्ड बड़वारा के ग्राम बिजौरी और ग्राम पंचायत मझगवां के परिसर में पौधारोपण किया। इस मौके पर बिजौरी स्थित मानव जीवन विकास समिति के कार्यालय परिसर में आम के पौधों का रोपण किया गया। इसमें जिला पंचायत सीईओ श्री शिशिर गेमावत, पूर्व विधायक श्री ध्रुव प्रताप सिंह और पर्यावरणविद् एवं मानव जीवन विकास समिति के सचिव श्री निर्भय सिंह सहित ग्रामीणों ने आम के करीब 25 पौधों का रोपण किया।



कलेक्टर श्री यादव और जिला पंचायत सीईओ श्री गेमावत ने यहां ग्राम बिजौरी में मनरेगा योजनान्तर्गत तैयार किए गए देवारण्य पार्क का भी निरीक्षण किया। यहां करीब ढ़ाई हजार से अधिक औषधीय प्रजातियों के पौधों को तैयार किया गया है, यहां इनकी देखभाल और सुरक्षा के साथ -साथ सिंचाई की भी पुख्ता व्यवस्था की गई है।

ग्राम पंचायत चाका के शासकीय प्राथमिक शाला लमतरा के परिसर में कलेक्टर श्री यादव ने कदम का पौधा रोपा। यहां जिला पंचायत सीईओ श्री गेमावत और जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्री अशोक विश्वकर्मा ने भी पौधारोपण किया। विधायक बड़वारा ने अपने संबोधन में लोगों से पर्यावरण के लिए पौधे लगाने के साथ -साथ इनकी देखभाल व सुरक्षा पर भी ध्यान देने की बात कही।

कलेक्टर श्री यादव ने कहा कि इस विश्व पर्यावरण दिवस की थीम वन नेशन,वन मिशन एण्ड प्लास्टिक पॉल्यूशन पर आधारित है। इसलिए वृक्षारोपण करें, जल स्रोतों की रक्षा करें, प्लास्टिक मुक्त जीवन अपनाएँ और जैव विविधता को सुरक्षित रखें।उन्होंने जिलेवासियों से प्रकृति संरक्षण के प्रति सजग और समर्पित रहने का आहवान करते हुए कहा कि विश्व पर्यावरण दिवस से शुरू होकर 30 सितम्बर तक जिले में चलने वाले एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधारोपण अवश्य करें।

कलेक्टर श्री यादव ने जिले के युवाओं, पर्यावरण प्रेमियों, विद्यालयों, महाविद्यालयों और सामाजिक संस्थाओं से आग्रह किया कि वे पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एकजुट होकर ठोस प्रयास करें ।उन्होंने यह भी कहा कि यह कार्य केवल एक दिन की औपचारिकता न बने, बल्कि यह प्रत्येक जिलेवासियों का नैतिक कर्तव्य बन जाए।



इस मौके पर सीईओ जनपद पंचायत बडवारा प्रदीप कुमार सिंह, तहसीलदार बडवारा संदीप सिंह ठाकुर , एपीओ डॉ अजीत सिंह और स्थानीय पंच -सरपंच, जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में ग्रामीणजनों ने भी पौधारोपण किया।

### विद्यार्थियों को किया गया प्रेरित

शासकीय महाविद्यालय बरही में संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई एवं इको क्लब द्वारा प्राचार्य प्रो. आर. के. त्रिपाठी के मार्गदर्शन, इको क्लब प्रभारी एवं रा. से. यो. कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अरविंद सिंह के नेतृत्व में विश्व पर्यावरण दिवस के अंतर्गत विद्यार्थियों एवं लोगों को वृक्षारोपण एवं पर्यावरण संरक्षण के प्रति प्रेरित करने के लिए कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

महाविद्यालय के गांधी उद्यान एवं परिसर में एक पेड़ मां के अभियान अंतर्गत महाविद्यालय स्टॉफ के सदस्यों, विद्यार्थियों एवं वन विभाग के सहयोग से गुलमोहर, कदम, अशोक, आंवला, नीम, अमरूद आदि के पौधों का वृक्षारोपण किया गया। कार्यक्रम के अगले चरण में डॉ. अरविंद सिंह ने बताया कि प्रतिवर्ष 5 जून को भारत सहित संपूर्ण दुनिया में विश्व पर्यावरण दिवस मनाया जाता है। इस साल की थीम 'इंड प्लास्टिक पॉल्यूशन' है। यह दिन प्रकृति के प्रति हमारी जिम्मेदारी को याद दिलाता है। इस मौके पर अलग अलग देशों में पर्यावरण के प्रति नागरिकों को जागरूक करने के लिए विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता हैं। बताया कि पेड़-पौधे लगाने का विशेष महत्व होता है, क्योंकि पेड़-पौधे न केवल वातावरण को शुद्ध करते हैं, बल्कि जीवनदायिनी ऑक्सीजन भी प्रदान करते हैं। डॉ. के के विश्वकर्मा ने लोगों को पर्यावरण की सुरक्षा के प्रति जागरूक और सचेत किया एवं कहा कि संतुलित पर्यावरण के बिना मानव जीवन संभव नहीं होगा। ऐसे में यह बेहद जरूरी है कि हम पेड़-पौधों, जंगलों, नदियों, झीलों, भूमि, पहाड़ सबके महत्व को समझें। डॉ सुनीता सिंह ने कहां कि पर्यावरण एवं प्रकृति को संरक्षित और सुरक्षित रखना हम सब की पहली जिम्मेदारी एवं नैतिक दायित्व है जो कि जनभागीदारी के बिना संभव नहीं है।

डॉ मंजूलता साहू ने हम अपने दैनिक जीवन के छोटे छोटे कार्यों के माध्यम जैसे पानी, बिजली, गैस तथा अन्य ईधनो का कम एवं समुचित प्रयोग, सार्वजनिक वाहनों का उपयोग, सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग न करके, वृक्षारोपण कर उनकी देखभाल, जैविक कृषि आदि माध्यमों से पर्यावरण संरक्षण में अपनी अहम भूमिका निभा सकते है।

*पुलिस कप्तान के निर्देश पर अधिकारियों ने किया जिले के थानों का निरीक्षण*

## पुलिसिया कार्यप्रणाली में सुधार लाने के साथ मामलों में त्वरित कार्यवाही करने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

पुलिस कप्तान अभिनय विश्वकर्मा के निर्देश पर राजपत्रित पुलिस अधिकारियों द्वारा देर शाम अलग-अलग थानों का औचक निरीक्षण किया गया। जिले में पारदर्शी एवं सशक्त कानून व्यवस्था स्थापित करने, आम नागरिकों में पुलिस व्यवस्था के प्रति विश्वास बनाए रखने तथा जनसमस्याओं के शीघ्र एवं वैधानिक समाधान सुनिश्चित करने के उद्देश्य से समस्त राजपत्रित पुलिस अधिकारियों को जिले के विभिन्न थानों का औचक निरीक्षण करने के निर्देश जारी किए गए।



एसपी अभिनय विश्वकर्मा द्वारा थानों की कार्यप्रणाली में सुधार लाने व त्वरित कार्यवाही करने तथा आम जनता एवं नागरिकों से सौम्यता और शालीनता के साथ संवाद करने के स्पष्ट निर्देश भी दिए गए।

एसपी के निर्देशानुसार एएसपी डॉ. संतोष डेहरिया द्वारा थाना कोतवाली का निरीक्षण किया गया। इसी प्रकार वीरेन्द्र धार्वे, एसडीओपी विजयराघवगढ़ द्वारा थाना विजयराघवगढ़ एवं थाना कैमोर का निरीक्षण किया गया। उमराव सिंह, उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय द्वारा थाना रीठी का निरीक्षण किया गया। प्रभात शुक्ला प्रभारी एसडीओपी स्लीमनाबाद द्वारा थाना कुठला तथा थाना स्लीमनाबाद का निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान सभी अधिकारियों द्वारा थानों की हवालात व्यवस्था, बंदियों की सुरक्षा, तथा पुलिस मुख्यालय भोपाल द्वारा जारी एस. ओ. पी. के अनुपालन की स्थिति का जायजा लिया गया। अधिकारियों ने यह निर्देश दिया कि बिना कारण किसी को हवालात में न रखा जाए और सभी बंदियों के अधिकारों की रक्षा सुनिश्चित की जाए। इसके अलावा अपराध रजिस्टर, गुंडा रजिस्टर, निगरानी रजिस्टर, बदमाश रजिस्टर, और लंबित मर्ग एवं अपराध प्रकरणों का सूक्ष्मता से परीक्षण किया गया। अधिकारियों ने थाना प्रभारियों को यह निर्देश भी दिए कि लंबित मामलों का शीघ्र एवं विधिसम्मत निराकरण किया जाए।

## कार्यकारिणी एवं कार्यसमिति सदस्यों की हुई बैठक



भाजपा मंडल उमरियापान कार्यकारिणी और कार्यसमिति सदस्यों की एक बैठक पचपेढ़ी में हुई ।बैठक में बड़वारा विधायक धीरेंद्र बहादुर सिंह ने मंडल के सभी नए पदाधिकारियों को मिली जिम्मेदारी की बधाई दी। उन्होंने कहा कि पार्टी की रीढ़ कार्यकर्ता हैं ।पार्टी ने विश्वास के साथ जो जिम्मेदारी सौंपी है ।आप सौंपे गए दायित्वों को उम्मीदों के तहत निभाकर पार्टी के विश्वास पर खरा उतरें ।हम सब को मिलकर सरकार की सभी योजनाओं और कार्यों को घर घर तक पहुचाना हैं ।इस मौके पर विधायक धीरेंद्र बहादुर सिंह, सांसद प्रतिनिधि पद्मेश गौतम, मंडल अध्यक्ष आशीष चौरसिया, पूर्व मंडल अध्यक्ष गोविंद प्रताप सिंह, ललित गौतम सहित अन्य वरिष्ठ कार्यकर्ताओं ने पुष्पमाला और गमछा पहनाकर मंडल के नवीन पदाधिकारी और सदस्यों को सम्मानित किया। इस मौके पर राजा चौरसिया,कालूराम चौरसिया,राजेन्द्र पटेल,राजेश ब्यौहार आदि मौजूद थे।

## जिला स्तरीय कार्यशाला में एक महीने तक होने वाले कार्यक्रमों की दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

भाजपा जिला कार्यालय में कार्यशाला का आयोजन हुआ जिसमें जिलाध्यक्ष दीपक सोनी ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भाजपा सरकारें विरासत को संवारने के साथ विकास का काम कर रही हैं। जिला स्तरीय कार्यशाला में जानकारी दी कि अगले एक माह तक विभिन्न कार्यक्रमों आयोजित किये जायेंगे। जिसके तहत 9 जून को डिजिटल प्रतियोगिता सहित अन्य कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। केंद्र और प्रदेश की भाजपा सरकार द्वारा जल संरक्षण की दृष्टि से तालाबों, पोखरों एवं कुओं आदि के संरक्षण का कार्य निरंतर किया जा रहा है। 5 जून से पर्यावरण की दृष्टि से पौधारोपण




कार्यक्रमों का आयोजन पर्यावरण दिवस पर 'एक पेड़ मां' के नाम के तहत पौधा रोपण जिले में प्रोफेशनल मीट और मंडल स्तर पर 'विकसित भारत संकल्प सभा' का अभियान चलेगा।

प्रत्येक विधानसभा में केंद्र प्रायोजित योजनाओं के पंजीकरण शिविर लगेंगे। 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस से पहले 15 से 20 जून तक मंडलों में योग प्रशिक्षण शिविरों का आयोजन। 23 जून डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी बलिदान दिवस एवं 6 जुलाई को उनकी जयंती मनायी जाएगी। 25 जून को कांग्रेस द्वारा लगाए गए आपातकाल के काले अध्याय के 50 वर्ष होने पर सेमिनार और लोकतंत्र सेनानी के सम्मान कार्यक्रम आयोजित किए जायेंगे।

*महापौर के निर्देश पर दो वार्डों में तेजी से चल रहा कार्य*

## भारी बारिश के दौरान जलभराव की न हो समस्या, अभी से हो रही तैयारियां

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

अत्यधिक वर्षा होने के कारण नगर के संभावित स्थलों में उत्पन्न होनें वाली जलभराव की समस्या के निराकरण हेतु विगत दिवस निरीक्षण के दौरान दिए महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी द्वारा दिए गए निर्देश के बाद गुरूवार प्रातः से ही वार्ड क्रमांक पंडित दीन दयाल उपाध्याय वार्ड एवं राम जानकी हनुमान वार्ड के मध्य जल भराव की समस्या के निराकरण हेतु जे.सी.बी के माध्यम से कच्ची नालियों की खुदाई का कार्य निगम के स्वास्थ्य अमले द्वारा जोर शोर से प्रारंभ कर दिया गया है।

### बीते वर्षों में हुई थी समस्या

इस संबंध में स्वास्थ्य अधिकारी संजय सोनी ने बताया कि नगर निगम द्वारा दैनिक सफाई व्यवस्था के दौरान वर्षा जल की निकासी के लिए नाले नालियों की सफाई का अभियान रोजाना चलाया जाकर सुगम जल निकासी के प्रयास किये जा रहे है। इसके अलावा महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी एवं निगमायुक्त नीलेश दुबे के निर्देश पर नगर के ऐसे संभावित स्थल जहां पूर्व वर्षो में जल भराव की समस्या उतपन्न हुई थी उन्हे भी चिन्हित किया जाकर कच्ची नालियों की खुदाई कराकर मुख्य नालों से जोड़कर वर्षा जल निकासी के प्रयास प्रारंभ कर दिये गए है जिससे काफी हद तक वर्षा जल भराव की समस्या से मुक्ति मिल सकेगी।



उल्लेखनीय है कि महापौर श्रीमती सूरी द्वारा विगत दिवस बुधवार प्रातः पंडित दीनदयाल उपाध्याय वार्ड स्थित शिव धाम कालोनी के पीछे की बस्ती एवं राम जानकी हनुमान वार्ड स्थित साईं पुरम कालोनी व पवनपुरी कॉलोनी आदि स्थलों का निरीक्षण कर क्षेत्र की संभावित जलभराव की की समस्या के निराकरण हेतु वर्षा ऋतु प्रारंभ होने के पूर्व जे.सी.बी मशीन से कच्ची नाली का निर्माण करने एवं आवश्यकतानुसार डोले आदि का प्रयोग करने तथा मुख्य नालों से जोडते हुए जल निकासी की उचित व्यवस्था कराने के निर्देश दिए गए थे।

## एक पौधा जरूर लगाने की महापौर ने सभी नागरिकों से की अपील

# पर्यावरण दिवस पर महापौर ने नवीन फिल्टर हाउस में किया पौधारोपण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर नगर निगम कटनी का अमकुही स्थित नवीन फिल्टर हाउस गुरुवार को महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी, नगर निगम अध्यक्ष मनीष पाठक, आयुक्त नीलेश दुबे, तहसीलदार बीके मिश्रा की मौजूदगी में आयोजित पौधारोपण कार्यक्रम के दौरान करीब एक सैकड़ा से अधिक पौधों का रोपण किये जाने का साक्षी बना।

### विभिन्न प्रकार के रोपे पौधे

आयोजित कार्यक्रम के दौरान महापौर, निगम अध्यक्ष, एवं निगमायुक्त ने एक-एक नीम के पौधे का रोपण किया, तो वही मेयर इन काउंसिल सदस्य सुभाष साहू, सुरेंद्र गुप्ता, पार्षद सीमा श्रीवास्तव, शकुंतला सोनी, रेखा तिवारी एवं स्वसहायता समूह की महिलाओं



द्वारा भी नीम, बोरा, पीपल, आंवला, कांजी सहित विभिन्न प्रजातियों के पौधों का रोपण कर पानी सींचकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। वहीं कार्यक्रम में उपस्थित नारी शक्ति, लहर, आर्या, शोभा, बरगद एवं अन्य स्वसहायता समूह की महिलाओं और ओम साई विजन की टीम के सदस्यों तथा विद्यार्थियों द्वारा भी कार्यक्रम में उत्साहजनक रूप से सहभागिता की जाकर विभिन्न प्रजातियों के पौधे रोपे गए।

कार्यक्रम के दौरान महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी ने आमजनो से आवहान किया कि वो भी एक पौधा अवश्य रोपे और उसे बड़ा होने तक सहेजे, जिससे आने वाली पीढ़ी पर्यावरण के बारे में समझे और जाने। साथ ही लोगों से अपील की वो वृक्षों को काटने से



बचाएं, लोगों में जागरूकता लाएं। वहीं निगमायुक्त ने पर्यावरण सुरक्षित है तो जीवन सुरक्षित है, इसी संदेश के साथ इस दिवस को संकल्प दिवस के रूप में मनाने की बात कही।

### पर्यावरण संरक्षण की शपथ

कार्यक्रम के समापन के दौरान महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी द्वारा उपस्थित जनों को प्लास्टिक सामग्री का उपयोग नहीं कर पृथ्वी और उसके प्राकृतिक पर्यावरण के संरक्षण की शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम के समापन के अवसर पर आयुक्त नीलेश दुबे द्वारा महापौर, निगमाध्यक्ष एवं पार्षदों को महिला स्व सहायता समूह द्वारा निर्मित पक्षियों के लिए निर्मित घोंसले भेंट किये गए।

## शहर को स्वच्छ एवं साफ रखने सफाई अभियान

**कटनी।** नगर की सफाई व्यवस्था को दुरुस्त करने के उद्धेश्य से निगम प्रशासन के स्वास्थ्य अमले द्वारा अभियान चलाकर सक्रियता से दो पालियों में नगर की सफाई व्यवस्था कर नगर को साफ एवं स्वच्छ रखनें के प्रयास किये जा रहे है। महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी, निगमायुक्त नीलेश दुबे के निर्देशन एवं मार्गदर्शन में शहर के सभी छोटे बड़े नाली-नालों एवं की सफाई के कार्य के साथ ही मच्छर जनित बीमारियों की रोकथाम हेतु वार्डों में फॉगिंग मशीन के माध्यम से रासायनिक धुएं के छिड़काव का अभियान निरंतर जारी है। अभियान के तहत यात्री सुविधा को देखते हुए स्वच्छता मित्रों द्वारा बस स्टैंड यात्री प्रतीक्षालय परिसर की धुलाई सहित नगर के अन्य मुख्य मार्गो में विशेष सफाई का कार्य कराया गया है। आगामी वर्षा ऋतु के जलभराव की स्थिति निर्मित न हो इसको ध्यान में रखते हुए नगर के छोटे एवं बड़े नाले नालियों की अभियान चलाकर जेसीबी एवं स्वच्छता दूतों के माध्यम से सफाई कार्य किया जाकर जमा कचरे एवं गाद को निकाला जा रहा है। ताकि सुगमता से वर्षा जल की निकासी हो सके। मदनमोहन चौबे वार्ड स्थित भूमि प्रगट शारदा देवी मंदिर मार्ग में नाले का जेसीबी एवं स्वच्छता दूतों के माध्यम से सफाई कार्य कराया गया है।

## बी.एड और एम.एड. में प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ

**कटनी।** शासकीय शिक्षा महाविद्यालयों में संचालित बी.एड एवं एम.एड पाठ्यक्रमों में प्रवेश की प्रक्रिया गुरुवार 5 जून से प्रारंभ की जा रही हैं। शासकीय शिक्षा महाविद्यालयों में संचालित इन पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए केवल सभी संवर्ग के शासकीय सेवारत शिक्षक ही पात्र हैं। ऐसे इच्छुक शासकीय शिक्षक जो बीएड और एमएड पाठ्क्रम में प्रवेश लेना चाहते हैं वे rsk.mponline.gov.in के माध्यम से आवेदन कर सकेंगे।

स्वस्तिक गार्डन एंड फार्म्स रिसॉर्ट
शादी, एनिवर्सरी, बर्थडे व सभी शुभ कार्यों के लिए प्राकृतिक वातावरण एवं सुंदर सनसेट व्यू के साथ उपलब्ध है।

पता: बाबा घाट के पास, जायसवाल पेट्रोल पंप के पीछे, पांडेय जी का बगिचा
संपर्क करें : 9301818276, 7489325162
स्वस्तिक गार्डन एंड फार्म्स जहां हर पल खास बनता है।

खबर संक्षेप

## अरहर उपार्जन में समस्या होने पर शिकायत दर्ज कराएं

**दमोह।** जिला कलेक्टर ने कहा जिले के किसानों को यदि अरहर उपार्जन में कोई समस्या अथवा उपार्जन केंद्रों में कोई समस्या अथवा उपार्जन के भुगतान में कोई समस्या होती हैं तो दमोह हेल्पलाइन 07812-350300 पर शिकायत दर्ज कराई जा सकती है।

## लिपिकीय वर्गीय कर्मचारी संघ में की गई नियुक्ति

**दमोह।** म.प्र.शासकीय लिपिकीय वर्गीय कर्मचारी संघ जिला दमोह के अध्यक्ष राजीव बड़कुल द्वारा संघ को गति देने के उद्देश्य से संघ के संविधान में निहित प्रावधानों के तहत श्री ललित कुमार अहिरवार सहा. ग्रेड तीन कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी दमोह को खेल प्रकोष्ठ का जिला अध्यक्ष एवं आशीष पाठक सहायक ग्रेड तीन कार्यालय लोक निर्माण विभाग दमोह का विभागीय अध्यक्ष मनोनीत किये जाने पर बी.एल. अहिरवार मुख्यलिपिक, नीरज सोनी, सगीर खांन, निधि पाण्डेय, कल्पना तिवारी, सुनील अहिरवार, मनोज श्रीवास्तव, जयंत जैन, देवेन्द्र धनगर. एव के. के. अठया आदि कर्मचारीयों द्वारा उन्हें बधाई दी।

## वाहन चैकिंग के दौरान 11 चालानी कार्यवाही

**दमोह।** जिला कलेक्टर द्वारा दिये गये निर्देशों के तहत परिवहन विभाग लगातार कार्यवाही कर रहा हैं। इस सबंध में परिवहन अधिकारी क्षितिज सोनी ने बताया सागर नाका वायपास पर वाहन चैकिंग की गई। इस दौरान 11 चालानी कार्यवाही करते हुए 26000 रूपये के चालान काटे गये। साथ ही 02 एम्बूलेंस और

## संकल्प से सिद्धि अभियान की कार्यशाला 6 जून को

**दमोह।** प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के 11 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में भारतीय जनता पार्टी द्वारा पूरे देश में ₹संकल्प से सिद्धि अभियान₹ चलाया जा रहा है। इसी क्रम में दमोह जिले की जिला स्तरीय कार्यशाला दिनांक 6 जून 2025 को दोपहर 2 बजे भाजपा जिला कार्यालय में आयोजित की जाएगी।

ग्रामीणों ने तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन

# राजस्व विभाग की जमीन पर खेती करने से रोक रहा टाइगर रिजर्व का वन अमला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेंदूखेड़ा



नौरादेही विस्थापन क्षेत्र में शामिल ग्राम माधो एवं सर्रा के लोगों को वन विभाग द्वारा राजस्व भूमि पर खेती करने से रोका जा रहा है जबकि जमीन से जुड़े तमाम दस्तावेज किसानों के पास है। इसके बाद भी उनको खेती करने नहीं दिया जा रहा है इसी संबंध में पीड़ित किसानों ने तहसील कार्यालय तेंदूखेड़ा पहुंचकर अनुविभागीय अधिकारी तहसील तेंदूखेड़ा को ज्ञापन सौंपकर मांग की गई है की आए दिन वन विभाग के कर्मचारियों द्वारा हम लोगों को खेती कार्य करने से रोका जा रहा है। जबकि इस जमीन पर हम लोग बरसों से खेती-बाड़ी का कार्य करते आ रहे हैं जिससे हमारे परिवार का पालन पोषण होता है। लेकिन आज वन विभाग द्वारा हम लोगों को आए दिन परेशान किया जा रहा है।

पीड़ित किसानों का कहना है कि जब हम लोगों के पास जमीन से जुड़े सभी दस्तावेज उपलब्ध है तो वन विभाग राजस्व विभाग की जमीन पर खेती-बाड़ी का कार्य क्यों नहीं करने दे रहा है। जबकि हम लोग वन विभाग की भूमि पर काविज नहीं है ना ही किसी प्रकार का हम लोगों के द्वारा अतिक्रमण किया गया है। इसके बाद भी भोले भाले आदिवासी को वन विभाग निरंतर परेशान कर रहा है। दिनेश खरे सरपंच सर्रा ने बताया कि वन विभाग मनमानी तरीके से कार्य कर रहा है माधो एवं सर्रा विस्थापन क्षेत्र में शामिल है जिसके कारण वन विभाग आए दिन लोगों को परेशान कर रहे हैं।

वन विभाग द्वारा ग्राम माधो मैं राजस्व भूमि में चल रहे ट्रैक्टर को भी जप्त कर लिया है। वन विभाग का कहना है कि अब सभी जमीन उनकी है आपको खेती-बाड़ी करने नहीं दिया जाएगा। जय आदिवासी युवा शक्ति जयस के प्रदेश संगठन मंत्री श्रीकांत सिंह पोरते ने बताया कि वन विभाग को राजस्व विभाग की जमीन में हस्तक्षेप नहीं करना चाहिए क्योंकि यह जमीन किसानों की है जिस पर उनके द्वारा वर्षों से खेती बाड़ी का कार्य किया जा रहा है तथा जमीन से जुड़े तमाम दस्तावेज किसानो के पास है। इसके बाद भी वन विभाग द्वारा गलत तरीके से आए दिन हमारे लोगों को परेशान कर रहा है जो गलत है। इसलिए हम सभी उच्च अधिकारियों से मांग करते हैं कि राजस्व भूमि पर काविज हमारे लोगों को निरंतर खेती-बाडी करने दी जाए जिससे उनके परिवार का पालन पोषण हो सके इस अवसर पर नोने लाल परस्ते,शंक्कू, कैलाश, रमेश पंडा, कमलेश, नंदलाल आदिवासी, सोनू, राधा रानी, कमलेश रानी, फूल वाई , ममता वाई,रेवा वाई सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

# पौधारोपण कर मनाया बाबडी उत्सव

### विधायक ने पौध संरक्षण का दिलाया संकल्प, असंख्य दीपों से गंगा मैया की हुई आरती

**हटा।** विश्व पर्यावरण दिवस व गंगा दशहरा के उपलक्ष्य में जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत बावड़ी उत्सव के तहत पर्यावरण संरक्षण एवं जल को सहेजने के उद्देश्य को लेकर नगर पालिका परिषद हटा व जन अभियान परिषद के नेतृत्व में गुरुवार की शाम नगर के देव श्री गौरीशंकर मंदिर प्रांगण में विधायक उमा देवी खटीक के मुख्य आतिथ्य जनपद अध्यक्ष गंगाराम पटेल की अध्यक्षता में एक गरिमामय कार्यक्रम आयोजित कर प्राचीन बावड़ी पर गंगा मैया की असंख्य दीपों से आरती पूजन कर पौधारोपण कर संरक्षण का संकल्प दिलाया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक उमा देवी खटीक ने कहा कि हमारा जीवन पांच तत्वों से मिलकर चल रहा है हमारा कर्तव्य है कि हम उनकी रक्षा व सुरक्षा करें प्रति व्यक्ति प्रति वर्ष संकल्प लेकर एक पौधा जरूर लगाए। वृक्ष हमारे पर्यावरण के प्रहरी हैं। ये न केवल हमें शुद्ध हवा और ऑक्सीजन प्रदान करते हैं और जलवायु को संतुलित रखने में भी महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। लेकिन बीते कुछ दशकों में तेजी से पेड़ों की कटाई ने पर्यावरण को गंभीर संकट की ओर धकेल दिया है। यदि हम पेड़ों को भी अपने जीवन की तरह महत्व देते, तो आज पर्यावरण प्रदूषण और जल संकट जैसी समस्याएं सामने नहीं आतीं। आज हमें वृक्षारोपण को सिर्फ कार्यक्रम नहीं, बल्कि एक जन आंदोलन बनाना होगा। उन्होंने जल संरक्षण को लेकर कहा कि हम पानी की बचत जरूर करें व्यर्थ पानी न बहाएं जल ही जीवन है हमें नदी तालाबों एवं प्राचीन बावड़ियों का संरक्षण करना है ताकि आने वाले समय में पानी की कमी न हो। इसके पूर्व जन अभियान परिषद की जिला सामान्य सुशील नामदेव ने सरकार द्वारा चलाए जा रहे गंगा जल संवर्धन अभियान की विस्तृत जानकारी देते हुए अभियान में सहभागिता निभाने का आग्रह किया।



### पौध संरक्षण का दिलाया संकल्प

विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में विधायक श्रीमति उमा देवी खटीक द्वारा नागरिकों को स्वच्छता और पर्यावरण के प्रति जागरुक करते हुए शपथ दिलाई गई जिसमें नागरिकों को पौधारोपण करने के लिए अनुरोध किया गया एवं अपने पर्यावरण को सिंगल यूज प्लास्टिक पॉलिथीन मुक्त करने का अनुरोध जनपद अध्यक्ष गंगाराम पटेल द्वारा किया गया। इसके उपरांत उपस्थित सभी गणमान्य जनों द्वारा बावड़ी पर पूजन कर असंख्य दीपों से गंगा मैया की आरती की गई। कार्यक्रम में भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष सौरभ नेमा, अनीता खरे, एसडीएम राकेश मरकाम, नायब तहसीलदार मानसी अग्रवाल, सीएमओ राजेंद्र खरे, सुशील नामदेव जिला संयोजक जन अभियान परिषद, पुष्पा सिंह, जनपद सदस्य कन्हैया लाल पटेल, रमाकांत सराफ, पार्षद मुन्ना लाल अहिरवार, गौतम अहिरवार, ओंकार उपाध्यक्ष, रघुराज खटीक, गजेंद्र महाजन नपा इंजीनियर दीपक श्रीवास्तव, कुलदीप पटेल रमेश पांडेय गोपाल रैकवार सहित सैकड़ो महिला पुरुषों की उपस्थित रही। कार्यक्रम का संचालन युवा नेता प्रिंस दीप खटीक द्वारा किया गया।

# भाजपा ने किया पौधारोपण




**दमोह।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी, दमोह द्वारा ₹एक पेड़ मां के नाम₹ अभियान के अंतर्गत दीनदयाल उपाध्याय पार्क में भव्य पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर मध्यप्रदेश शासन के पशुपालन एवं डेयरी विभाग के राज्य मंत्री लखन पटेल, भाजपा जिला अध्यक्ष श्याम शिवहरे, कार्यक्रम प्रभारी रमन खत्री सहित जिला पदाधिकारियों, मंडल अध्यक्ष, महिला मोर्चा, पर्यावरण प्रेमियों एवं ज्येष्ठ श्रेष्ठ कार्यकर्ताओं ने सहभागिता कर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया। राज्यमंत्री लखन पटेल ने अपने संबोधन में कहा कि भारतीय जनता पार्टी के केंद्रीय व प्रदेश नेतृत्व के मार्गदर्शन में आज से 15 अगस्त तक लगातार पौधारोपण अभियान चलाया जाएगा। इस दौरान प्रत्येक संगठनात्मक कार्यक्रम की शुरुआत पौधारोपण से की जाएगी और लगाए गए पौधों के संरक्षण एवं रखरखाव पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। भाजपा जिला अध्यक्ष श्याम शिवहरे ने इस पुनीत अवसर पर सभी को पर्यावरण दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि प्रत्येक नागरिक को अपने जीवन में अधिक से अधिक पेड़ लगाने चाहिए। साथ ही मां के नाम पर एक पेड़ लगाकर पर्यावरण और मातृत्व दोनों का सम्मान करना चाहिए। कार्यक्रम प्रभारी रमन खत्री ने अपने उद्बोधन में कहा कि ₹प्रकृति और पर्यावरण के संरक्षण के लिए यह अभियान मात्र एक प्रतीक नहीं बल्कि एक जनआंदोलन है। 'एक पेड़ मां के नाम' केवल एक पौधा रोपने का कार्यक्रम नहीं, बल्कि भावनाओं और जिम्मेदारी का संगम है। हमें इस अभियान को जन-जन तक पहुंचाना है ताकि हर नागरिक पर्यावरण सुरक्षा में भागीदार बने। इस अवसर पर जिला महामंत्री सतीश तिवारी, रामेश्वर चौधरी, जिला उपाध्यक्ष संजय सेन, अमित बजाज, जिला मंत्री अरविंद उपाध्याय संजय यादव, वर्षा रैकवार, श्रीमती अर्चना जैन, जिला कोषाध्यक्ष सुरेश पटेल, जिला मीडिया प्रभारी राघवेन्द्र सिंह परिहार, सह मीडिया प्रभारी महेन्द्र जैन, आईटी प्रभारी रिंकू गोस्वामी, मंडल अध्यक्ष राजेंद्र चौरसिया, रमाकांत बाजपेई आलोक गोस्वामी मनीष तिवारी भारत यादव संतोष रोहित युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष राकेश सिंह लोधी अमरदीप जैन श्याम दुबे सुनील यादव देवल कोरी रितु पांडे कुसुम खरे सहित अनेक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने अपनी भागीदारी दर्ज कराकर पर्यावरण संवर्धन में अपना योगदान दिया।

# चार दिवसीय समर कैंप का आयोजन

### श्रृंखला में रखे गए तीन प्रशिक्षण, अधिक संख्या में उपस्थित रही महिलाएं, सुंदर उपहार किए वितरित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह



विगत वर्षों की तरह इस वर्ष भी शहर के असाटी वार्ड नंबर एक संस्कार भवन में असाटी महिला मंडल समिति दमोह के द्वारा चार दिवसीय समर कैंप का आयोजन हुआ जिसमें श्रीमती रीता राम गोपाल असाटी, श्रीमती शैलजा प्रशून असाटी (प्रतीक इलेक्ट्रॉनिक), श्रीमती राधा पंकज असाटी, श्रीमती राखी तुलसीराम असाटी, श्रीमती गीता कन्हैया लाल असाटी के द्वारा दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती पूजन किया गया एवं समर कैंप के आयोजन श्रृंखला में तीन प्रशिक्षण रखे गए जिसमें डांस प्रशिक्षण श्रीमती प्रीति संतोष असाटी के द्वारा समाज की बहनों एवं नवयुवतियो को दो डांस की कंप्लीट प्रिपरेशन के साथ-साथ एक आकर्षक पैरोडी डांस का भी प्रशिक्षण बहुत सुंदर तरीके से दिया गया महिलाओं एवं नवयुवतियों ने पूरे जोश के साथ नृत्य सीखा आयोजन की बढ़ती हुई श्रृंखला में कुमारी तेजस्विनी असाटी के द्वाराआर्ट एंड क्राफ्ट प्रशिक्षण दिया गया जिसमें कुमारी तेजस्विनी के द्वारा सभी बच्चों को क्राफ्ट पेपर के गुलाब का फूल बनाने का प्रशिक्षण,दीवार पर लगाए जाने वाली सजावट का सामान(एक प्यारी सी गुडिया) आदि सामान बच्चों को क्राफ्ट पेपर से बनाना सिखाया एवं बच्चों ने भी इन सभी समान को सीखने में बहुत ही उत्साह दिखाया एवं समर कैंप की अंतिम श्रृंखला मेहंदी जो सभी बेटियों के लिए विशेष रूप से रखी गई थी मेहंदी प्रशिक्षण कुमारी काजल असाटी एवं कुमारी रिमझिम असाटी के द्वारा दिया गया सभी बेटियों ने बहुत आकर्षक मेहंदी डिजाइन सीखी कुमारी काजल एवं कुमारी रिमझिम के द्वारा सभी बेटियों को फिंगर मेहंदी एरोबिक मेहंदी इंडियन मेहंदी ब्राइडल मेहंदी डिजाइन सभी बेटियों को सिखाई गई समाज की बहनों ने इसका भरपूर लाभ लिया एवं प्रशंसा की समर कैंप की अंतिम दिन चारों बहनों को महिला मंडल समिति द्वारा मोमेंटो प्रदान कर सम्मान किया गया वहीं समर कैंप में सहभागिता देने वाली सभी नव युवतियों एवं बच्चों को भी प्रोत्साहन स्वरूप सुंदर उपहार वितरित किए गए चारों दिन समाज की अधिक संख्या में महिलाएं उपस्थित रही सभी ने कार्यक्रम का आनंद एवं भरपूर लाभ उठाया यह भी कहा कि इस तरह के कार्यक्रम समाज में होते रहना चाहिए जो समाज में आपसी प्रेम भाव को बढ़ाने के साथ-साथ प्रतिभा में भी निखार लाता है प्रशिक्षण देने वाली चारों बहनों ने असाटी समाज की बहनों को पूरे समर्पण एवं उत्साह के साथ प्रशिक्षण दिया असाटी महिला समिति श्रीमती प्रीति, कुमारी तेजस्विनी, कुमारी काजल एवं कुमारी रिमझिम के प्रति हृदय से कृतज्ञता व्यक्त करती है एवं प्रशंसा करती है यह अपेक्षा करती है कि इस तरह के सहयोग समाज को आपके द्वारा मिलते रहे श्रीमती रीता असाटी, श्रीमती बसंती असाटी एवं श्रीमती किरण असाटी के द्वारा सभी बच्चों को खाद्य सामग्री वितरित की गई समाज की सभी बहनों के सहयोग से कार्यक्रम पूर्ण रूप से सफल रहा।

# जल के बिना जीवन की कल्पना करना असंभव-सरपंच

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बनवार



विकासखंड स्तरीय बावड़ी उत्सव कार्यक्रम विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर जल गंगा संवर्धन एवं विश्व पर्यावरण को लेकर मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद के मार्गदर्शन में सेक्टर बनवार नवांकुर संस्था ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति मुवार में मां सरस्वती का एवं मां दुर्गा का पूजन सरपंच देवी सिंह लोधी ग्राम पंचायत झरौली , सचिव अनूप जैन, देशराज सिंह दीवान साहब रोजगार सहायक, मंगल सिंह बुंदेला बुजुर्ग, साहब सिंह वरिष्ठ ,नवांकुर संस्था प्रतिनिधि घनश्याम सिंह लोधी, त्रिलोक सिंह लोधी परामर्शदाता, मुल्तान सिंह लोधी नवांकुर संस्था प्रतिनिधि द्वारा किया गया। अतिथियों का स्वागत चैन सिंह लोधी,कवेन्द सिंह लोधी द्वारा किया गया। बाबरी उत्सव में मां दुर्गा चालीसा का पाठ किया गया। सरपंच द्वारा कहा गया कि जल के बिना जीवन की कल्पना करना असम्भव है। परामर्शदाता ने कहा कि बावड़ी पूजन को महोत्सव के रूप में हम सभी गांव के सभी जल स्त्रोतों का संरक्षण जन भागीदारी से कर सकते हैं। प्राचीन बाबरी जो लगभग डेढ़ सौ वर्ष पुरानी है सभी की उपस्थिति में पूजन किया गया और संकल्प लिया कि हम सभी जीवन में जल स्त्रोतों का संरक्षण एवं जीवन में आवश्यकता अनुसार पानी का उपयोग करेंगे। चैन सिंह लोधी ने उपस्थित सभी से आग्रह किया कि हम मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद के मार्गदर्शन में ग्राम की सभी जलस्त्रोतों का संरक्षण और पर्यावरण के लिए वृक्षारोपण करेंगे। वावडी उत्सव में दान सिंह जी परसवाहा, प्रशांत गौतम गड़िया मानगढ़, राजेश जैन जी झरौली बनवार सेक्टर की प्रस्फुटन समितियों के सदस्य एवं वीरेंद्र जैन, दुर्ग सिंह ठाकुर युवा नेता भाजपा, जुगल सिंह दादा, जीवन सिंह, मिथिलेश तिवारी समिति सदस्यो की उपस्थिति रही।

## सीएम हेल्पलाईन निराकरण शिविर होगा आयोजित

**दमोह।** हटा अनुभाग अंतर्गत सी.एम. हेल्पलाईन के निराकरण संबंधी खंड स्तरीय बैठक एसडीएम हटा राकेश सिंह मरकाम की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में एसडीएम हटा श्री मरकाम ने स्वास्थ्य विभाग को सी.एम. हेल्पलाईन निराकरण के लिए विशेष शिविर का आयोजित करने कहा। इस तारतम्य में सीबीएमओ डॉ पटेल ने बताया 09 जून को प्रातः 10 बजे से सी.एम. हेल्पलाईन निराकरण शिविर का आयोजन, बीएमओ ऑफिस, सिविल हॉस्पिटल हटा में आयोजित किया जायेगा। उक्त शिविर में सभी शिकायतकर्ताओं को बुलाया जा कर शिविर में ही उनके शिकायतों का समाधान करने

## ईद को लेकर हुई शांति समिति की बैठक




**तेंदूखेड़ा।** नगर के पुलिस थाना में शाम 5 बजे से बकरीद मनाने को लेकर शांति समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में एसडीएम सौरभ गंधर्व ने मुस्लिम समाज के लोगों से कहा कि आप लोगों का कोई सुझाव हो तो बताएं जिस पर सभी ने कहा कि पूर्व वर्षो की तरह इस वर्ष भी त्यौहार शांति पूर्वक मनाएंगे सुबह 9 बजे नमाज अता दी जाएंगी प्रशासन का सहयोग हर बार रहता हैं हमें कोई परेशानी नहीं हैं। एसडीएम ने नगर परिषद को साफ-सफाई एवं पेयजल की व्यवस्था ईद के दिन बनाएं रखने के निर्देश दिए। इस दौरान तहसीलदार विवेक व्यास, एसडीओपी देवीसिंह ठाकुर, नगर निरीक्षक नितेश जैन, अब्दुल अजीज खान, अब्दुल खलील, शोएब खान, सलीम खान, भूरा खान, हैदर हुसैन जाफरी, नगर परिषद उपाध्यक्ष लक्ष्मी नामदेव, रमेश तिवारी, दिब्बन जैन, गनेश राय, गोविंद

## मरीजों को पोषण किट का हुआ वितरण



**जबेरा।** जिला औषधि विक्रेता संघ के निर्देशन में निक्षय मित्र योजना के अंतर्गत गुरुवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जबेरा में टीवी के मरीजों को पोषण किट का वितरण राज्यमंत्री के पिताश्री भाव सिंह लोधी, सांसद प्रतिनिधि रूपेश सेन, बीएमओ डॉक्टर डीके राय सहित जनप्रतिनिधियों दवा विक्रेताओं एवं स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों की उपस्थिति में किया गया। इस दौरान राज्यमंत्री के पिताश्री भाव सिंह लोधी ने कहा कि स्वास्थ्य केंद्र में इलाजरत सभी मरीज स्वास्थ्य विभाग के सुझावों और दिशा निर्देशों का पालन करते हुए नियमित दवा का उपयोग करें और मौसमी बीमारियों से सतर्क रहते हुए अपने स्वास्थ्य के प्रति विशेष ध्यान देवें में ईश्वर से सभी के शीघ्र स्वास्थ्य होने और निरोगी होने की कामना करता हूं। कार्यक्रम को सांसद प्रतिनिधि रूपेश सेन एवं बीएमओ डॉक्टर डीके राय ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर राजेश सिंघई, रविशंकर वाजपेई, विनोद मलैया, सहारा ठाकुर, बद्री खरे, ओम प्रकाश शर्मा, रवि जैन, प्रशांत जैन, विकास राय, अशोक आर्य सहित स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी एवं मरीजों की उपस्थिति रही।

## शांति समिति की बैठक आयोजित



**हटा।** आगामी शनिवार को ईद उल-अजहा के त्यौहार को लेकर गुरुवार को पुलिस थाना प्रांगण में तहसीलदार प्रवीण त्रिपाठी की अध्यक्षता में थाना प्रभारी धर्मेंद्र उपाध्यक्ष द्वारा नगर के गणमान्य नागरिकों व मुस्लिम समुदाय के लोगों की उपस्थिति में शांति समिति की बैठक का आयोजित की गई। बैठक में साफ सफाई पानी की व्यवस्था सहित ईदगाह और मस्जिद प्रांगण में साफ सफाई की व्यवस्था कराने की बात कही गई। वहीं तहसीलदार द्वारा नगर में शांति व्यवस्था बनाए रखें और ईद का पर्व खुशियों से मनाने की बात कही एवं किसी भी प्रकार की परेशानी होने पर तुरंत पुलिस को अवगत कराये। इस अवसर पर सीएमओ राजेंद्र खरे, उपयंत्री जाकिर खान, नगर के गणमान्य नागरिक व जनप्रतिनिधि सहित मुस्लिम समुदाय की प्रमुख लोग उपस्थित रहे।

## मरीजों को पोषण आहार किट वितरित



**बटियागढ़।** हारेगा टीवी जीतेगा देश अभियान के अंतर्गत, जिला औषधि विक्रेता संघ के आह्वान पर, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में टीवी मरीजों को पोषण आहार किट वितरण की गई। यह वितरण निःक्षय मित्र योजना के तहत किया गया, जिसके माध्यम से बटियागढ़ के सभी केमिस्ट साथियों ने मरीजों को आवश्यक पोषण आहार किट प्रदान किया। जिसमें डॉक्टर मकबूल खान मेडिकल आफिसर, यशवंत अहिरवार, उत्तम सिंह, मुकेश राय, इस्माइल खान, आनंद जैन, गौरव असाटी, आशीष साहू, राजेश चौरसिया, आशीष उपाध्याय, डॉक्टर हलधर, डॉक्टर कमलेश गौतम के साथ बटियागढ़ सीएचसी के सभी स्टाफ की उपस्थिति रही। केमिस्ट साथियों ने मरीजों को पोषण आहार किट उपलब्ध कराकर ₹निःक्षय मित्र योजना₹ में महत्वपूर्ण योगदान दिया। इस तरह के जनसहयोग से टीबी रोगियों को बेहतर देखभाल मिल सकती है।

# 50 टी.बी. मरीजों को पोषण सहायता किट वितरित



**दमोह।** जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. रीता चटर्जी ने बताया कि प्रधानमंत्री टी.बी. मुक्त भारत के तहत नि-क्षय मित्र टी.बी. मरीजों को पौष्टिक आहार देकर उनके स्वस्थ्य होने में मदद करते है। आज जिला औषधि विक्रेता संघ की ओर से जिला क्षय इकाई दमोह सहित सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों में कुल 50 टी.बी. मरीजों को पोषण सहायता किट प्रदान की गई। जिला चिकित्सालय परिसर में स्थित जिला क्षय इकाई में संक्षिप्त गरिमामयी कार्यक्रम में जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. रीता चटर्जी की उपस्थिति में जिला औषधि विक्रेता संघ की ओर से 15 टी.बी. मरीजों को पोषण सहायता किट प्रदान की गई। इस दौरान जिला औषधि विक्रेता संघ अध्यक्ष राजेन्द्र सिंघई, सचिव अनिल कोटवानी, अभिहित अधिकारी राकेश अहिरवाल, औषधि निरीक्षक महिमा जैन सहित जिला क्षय अधिकारी डॉ. गौरव जैन, टी.बी. जिला समन्वयक दीपक राजपूत मौजूद रहे। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र जबेरा में स्थानीय जनसेवक भावसिंह लोधी की उपस्थिति में नि-क्षय शिविर अभियान के अंतर्गत 10 टी.बी. मरीजों को पोषण सहायता किट प्रदान की गई। इस दौरान मुख्य खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. डी.के. राय सहित स्थानीय जनसेवक मौजूद रहे। सिविल अस्पताल हटा, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र तेन्दूखेड़ा, पटेरा में सी.बी.एम.ओ. की उपस्थिति में जिला औषधि विक्रेता संघ की ओर से टी.बी. मरीजों को पोषण सहायता किट प्रदान की गई। डॉ. चटर्जी ने बताया कि नि-क्षय मित्र के रूप में जिन क्षय रोगियों को गोद लिया जाता है, उन्हे अनिवार्य रूप से छः माह तक पोषण सहायता किट प्रतिमाह नि-क्षय मित्र की ओर से प्रदान किया जाता है। पोषण किट में चावल 3 किलो, दाल 2 किलो, दूध पाउण्डर 1 किलो, सोयाबीन तेल 1 लीटर दिया जाता है।

### खबर संक्षेप

## कार का टायर फटा, दो लोग हुए गंभीर घायल जबलपुर रेफर

**तेंदूखेड़ा।** बरमान से पथरिया लौट रहे पटैल परिवार की टीयूव्ही का टायर नगर से 5 किलोमीटर दूर नरगुंवा की टेक पर शाम 5.30 बजे फट गया जिससे कार सडक पर पलटती हुई नीचे जा पहुंची हादसे में परिवार के दो बुजुर्ग गंभीर रूप से घायल हो गए। परिजनों ने बताया कि हम लोग बरमान से स्नान करके वापिस पथरिया जा रहे थे लेकिन तेंदूखेड़ा के पास कार का टायर फट गया जिसमें रामप्रसाद पिता पर्वत पटैल 80, सरजू प्रसाद पिता पर्वत पटैल 68 गंभीर रूप से घायल हो गए जिन्हें 108 की मदद से नगर के स्वास्थ्य केंद्र लाया गया जहां प्राथमिक उपचार के बाद जबलपुर मेडीकल कांलेज रिफर किया गया हैं। कार में 6 लोग सवार थे जिनमें 3 बच्चे एवं तीन बुजुर्ग दो लोगों को छोड़कर किसी को भी कोई चोट नहीं आई हैं। पुलिस मामले की जांच कर रही हैं।

## पंचदेव प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव शोभा यात्रा आज

**दमोह।** श्री शिव सांई सेवा भाव परिवार बेलाताल टापू मंदिर समिति के तत्वाधान में 6 जून 2025 को भव्य शोभायात्रा बूंद्राबहु मंदिर से शाम 4 बजे प्रारंभ होगी जो कि घंटाघर से नगर भ्रमण करते हुए स्टेशन चैराहा, बस स्टैंड चैराहा, कोऑपरेटिव बैंक चैराहा, कीर्ति स्तंभ चैराहा मार्ग से भ्रमण आयोजन स्थल बेलाताल श्री शिव सांई मंदिर परिसर पहुंचेगी । समिति संरक्षक डॉक्टर आलोक गोस्वामी ने बताया है कि श्री शिव सांई मंदिर बेलाताल टापू परिसर में पंचदेव भगवान की प्रतिष्ठा का भव्य आयोजन किया जा रहा है । शिव सांई मंदिर के मुख्य पुजारी एवं सर्वश्री पंडित कमलेश्वरानंद जी महाराज ने जानकारी दी है कि प्रेरणा स्रोत गौलोकवासी पंडित बिहारी लाल गौतम की प्रेरणा एवं जय जय सरकार महंत श्री राम अनुग्रह दास महाराज छोटे सरकार के विशिष्ट मार्गदर्शन में त्रिदिवसीय कार्यक्रम 6 जून 2025 शुक्रवार से प्रारंभ हो रहा है।

### जिला अस्पताल में मरीज ने कूदकर की आत्महत्या, कारण अज्ञात

# मरीज ने नर्सों को धमकाते हुए खुद पर कैंची से हमला कर नीचे कूदकर दी जान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह



आए दिन किसी न किसी वजह से चर्चा में बने रहने वाले दमोह जिला अस्पताल में इस बार दिल दहला देने वाला गजब घटनाक्रम सामने आया है। जिस को देखकर अन्य मरीजों के साथ अस्पताल के स्टाफ के बीच भी देर तक दहशत भरा माहौल बना रहा। वही लहुलुहान पड़ा युवक देर तक जमीन पर पड़ा तड़पता रहा लेकिन कोई उसकी मदद को नहीं पहुंचा। लोग वीडियों बनाते रहे और बाद में जब उसे उठाकर जांच के लिए ले जाया गया तब तक काफी देर हो चुकी थी। जिला अस्पताल के सुरक्षा हालात और व्यवस्थाओं की पोल खोलने वाले इस घटनाक्रम ने लोगों को झकझोर कर रख दिया है।

घटनाक्रम बुधवार रात का है जब यहां इलाज रत एक युवक के द्वारा समय पर इलाज नहीं मिलने पर पहले तो हंगामाा किया गयाा, फिर नसों को धमकाया गया। बाद में स्वयं के ऊपर कैंची से हमला करके खुद को लहू लुहान कर लिया गया। बाद में हड़बड़ाहट में उतरते समय अस्पताल की फर्स्ट फ्लोर से नीचे फर्श पर गिरा यह युवक दोबारा नहीं उठा सका। हालांकि इस दौरान वह काफी देर तक फर्स पर पड़ा तड़पता रहा चिल्लाता रहा। लेकिन उसको उपचार के लिए तत्काल उठाकर ले जाने को कोई तैयार नहीं हुआ। हालांकि इस दौरान कुछ लोग वीडियो बनाकर जरूर सोशल मीडिया पर वायरल करते रहे।

बाद में जब फर्श पर पड़े युवक के शरीर में कोई हरकत नहीं हुई तो कोतवाली पुलिस को सूचना दी गई और बाद में डॉक्टर द्वारा उपरोक्त युवक को उठवा कर ले जाकर जब चेकअप किया गया तब तक उसकी सांसे थम चुकी थी। मृतक की पहचान शुभम पिता राजू अहिरवार 25 वर्ष निवासी इमलाई के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि उपरोक्त युवक उल्टी दस्त के उपचार के लिए जिला अस्पताल आया था। जहां से भर्ती कर लिया गया था लेकिन इलाज के लिए डॉक्टर नहीं आया था। इसके बाद में ऐसे क्या हालात निर्मित हुए जो उसने अस्पताल की कैंची उठाकर खुद पर हमले करने के साथ जमकर दहशत फैलाते हुए हंगामा भी किया। मामले में सिविल सर्जन डॉ रविंद्र ठाकुर ने बताया कि उपरोक्त मरीज द्वारा अस्पताल में नर्सों को चाकू दिखाते हुए खुद पर चाकू से बार किये और वह छत से वह गिर गया। बाद में डॉ पियूस निमाड़े के द्वारा उसे उठाकर इलाज के लिए लाया गया लेकिन तब तक उसकी मौत हो जाना बताया जा रहा है। लेकिन फिलहाल यह पता नहीं लग सका है कि उपरोक्त मरीज युवक के द्वारा इस तरह की दहशत गर्दी क्यों की गई। तथा वह नशे में लापरवाही में ऊपर से नीचे गिरकर काल के गाल में समा गया या फिर उसने जानबूझकर अपने जीवन लीला समाप्त की। घटना की जानकारी मिलते ही कोतवाली टीआई मनीष कुमार अपनी टीम के साथ जिला अस्पताल पहुंचे जहां उन्होंने सिविल सर्जन तथा डॉक्टर से घटना के बारे में जानकारी ली। फिलहाल पुलिस घटना की जांच में डटी हुई है। कोई मौत के कारण का पता पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही लगने की उम्मीद जताई जा रही। वहीं जिला अस्पताल की सीसीटीवी फुटेज से यदि किसी प्रकार की छेड़छाड़ नहीं की गई होगी तो तो पूरी घटना स्पष्ट होते देर नहीं लगेगी।

राज्यमंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी एवं सांसद राहुल सिंह लोधी ने किया भूमिपजन

# जबेरा में 100 लाख रुपए से खेल मैदान का किया गया भूमिपूजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ जबेरा

ग्रामीण यांत्रिकी सेवा विभाग द्वारा जबेरा में 100 लाख रूपये की लागत से बनने वाले खेल मैदान का भूमि पूजन तथा कलहेरा में 78 लाख रूपे की लागत से पर्यटन स्थल का लोकार्पण प्रदेश के संस्कृति, पर्यटन, धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व राज्यमंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी तथा दमोह सांसद राहुल सिंह लोधी की गरिमामय मौजूदगी में संपन्न हुआ। इस अवसर पर प्रदेश के संस्कृति, पर्यटन, धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व राज्यमंत्री धर्मेन्द्र सिंह लोधी ने कहा स्वास्थ्य के क्षेत्र में हर सुविधा मुहैया कराने के लिए लगातार सरकार काम कर रही हैं। 03 करोड़ की लागत से चोपरा में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र तैयार हो रहा हैं। उन्होंने कहा 25 उपस्वास्थ्य केंद्र विधानसभा क्षेत्र जबेरा में स्वीकृत हुए हैं। राज्यमंत्री श्री लोधी ने कहा सभी बड़े क्षेत्र में एक-एक बड़ा स्टेडियम बनाया जा रहा है ताकि खेल प्रेमियों को किसी तरह की परेशानी ना हो। उन्होंने कहा विधानसभा क्षेत्र के विकास में कोई कमी नहीं छोड़ी जाएगी। राज्यमंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी ने लोगों की बहुप्रतिक्षित मांग की जबेरा नगर में एक अच्छा खेल मैदान बनाया जाए, पूरी होने जा रही हैं। सांसद राहुल सिंह लोधी ने कहा यहां भव्य स्टेडियम बनकर तैयार होगा। उन्होंने कहा यहां पर विभिन्न तरह के खेल प्रतियोगिताए सम्पन्न होगी तब हमें एहसास होगा कि हमारे छोटे से नगर में भी मंत्री जी ने महानगरीय व्यव्स्थाए देने का काम किया हैं। सांसद श्री लोधी ने कहा मोदी जी की सरकार गांवो के सम्पूर्ण विकास के लिए लगातार काम कर रही हैं जिससे सुखद परिणाम आप सभी के सामने हैं। उन्होंने कहा चाहे खेती का क्षेत्र हो या आवागमन, पेयजल सभी क्षेत्र में तेजी से काम हो रहे हैं। उन्होंने मैदान के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि राज्यमंत्री के द्वारा कई विकास कार्य किया जा रहे हैं। सबसे बड़ी उपलब्धि बांदकपुर मंदिर में कॉरिडोर है। जो कई सालों तक याद रखा जाएगा। इस अवसर पर सांसद प्रतिनिधि रूपेश सेन, मंडल अध्यक्ष मंनदीप यादव, सतपाल सिंह, बंटी दुबे, राजेश सिंघई, रविशंकर बाजपेई, रानू नामदेव, नीरज जायसवाल, सहायक यंत्री शिवजी गौड़, उपयंत्री आर के वर्मा, उपयंत्री सुरेश प्रजापति सहित अनेक लोगों की उपस्थिति रही।

## माहुला पुल के नीचे मिला युवक का शव, कारण अज्ञात



**तेंदूखेड़ा।** सुबह माहुला पुल के नीचे एक शव मिलने से लोगो में सनसनी फैल गई। जिसके बाद लोगो ने तेंदूखेड़ा पुलिस को लगभग सुबह 9 बजे सूचना दी गई पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घटना स्थल की जॉच की साथ ही मृतक व्यक्ति की सिनाख्त के लिए सोसल मीडिया का सहारा लिया गया इसके बाद व्यक्ति की पहंचान की गई। जिसमें पाया गया है कि बल्लू पिता सुम्मेर सिंह गौड 42 निवासी देवरी निजाम थाना तेंदूखेड़ा का निवासी है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार बल्लू हमेंशा दो दो दिन के लिए घर से गायब हो जाता था। साथ ही शराब अधिक पीता था। इसबार भी मंगलवार के दिन बल्लू घर से गया था लेकिन गुरूवार को उसका शव पुल नीचे मिला है। परिजनो ने बताया गया कि बल्लू की किसे से कोई भी दुशमनी नहीं है। थोड़ा मानसिंक तौर पर बीमार था। युवक की मौत कैसे हुई है ये स्पष्ट नहीं है। किसी भी प्रकार की चोटे भी नहीं है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही खुलासा होगा कि मौत कैसे हुई है। पुलिस ने पंचनामा कार्यवाही करते हुए शव का पोस्टमार्टम कराया गया। साथ ही पुलिस ने मर्ग क्रमाक 30@25 धारा 194 बीएनएसएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना की जा रही है।

## विद्यालय में किए गए पौधारोपण



**झलौन।** विश्व पर्यावरण दिवस पर शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय झलौन में इको क्लब के अंतर्गतवृक्षारोपण का आयोजन किया गया जिसमें अशोक साहू प्रिंसिपल प्रेम सिंह ठाकुर रूप सिंह ठाकुर गुड्डू प्रसाद सीताराम ठाकुर संदीप जैन यश कौशल योगेश प्रजापति भागचंद जैन जनसेवक दुर्जन सिंह लोधी एवं छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

## रफ्तार का कहरः अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत

**पटेरा।** पटेरा हटा मार्ग पर राजबंदी पुलिया के समीप अज्ञात वाहन की टक्कर से तेज रफ्तार में आ रही बाइक की टक्कर हो गई। बाइक सवार 25 वर्षीय युवक अभिषेक सेन निवासी हटा की घटना स्थल पर ही मौत हो गई। सूचना मिलते ही पटेरा पुलिस थाना प्रधान आरक्षक रूपलाल रजक एवं आरक्षक चंद्रकांत पांडे घटना स्थल पर पहुंचे स्थल की विवेचना कर घायल को सामुदायिक स्वस्थ केंद्र पटेरा ले कर आए जहां ड्यूटी डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। युवक अपनी ससुराल जो कि रैपुरा के पास है जा रहा था। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। पंचनाम पी एम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया।

## गैसाबाद में उपचुनाव से पूर्व कराया गया मॉक पोल मतदान

**दमोह।** हटा ब्लॉक के गैसाबाद में जनपद सदस्य पद के लिए होने वाले मतदान से पूर्व आज अधिकारियों ने ग्राम पंचायत भवन में मॉकपोल (दिखावटी मतदान) कराया। एसडीएम हटा राकेश सिंह मरकाम, तहसीलदार प्रवीण त्रिपाठी की मौजूदगी में यहां पीठासीन और निर्वाचन अधिकारियों ने मतदाताओं द्वारा मतदान कराकर प्रक्रिया सम्पन्न कराई। उक्त वास्तविक मतदान के पूर्व तैयारियों का जायजा लिया गया ताकि मतदान के दिन कोई भी समस्या न हो। पोलिंग बूथ पर निर्वाचन अधिकारी-कर्मचारी और मतदाता प्रक्रिया से अवगत रहें।

## आमजन बूंद-बूंद को तरस रहा, क्षतिग्रस्त पाइप लाइनों में हजारों लीटर पानी व्यर्थ बह रहा



**सिंग्रामपुर।** गर्मी के मौसम में जहां पर हर तरफ पानी के लिए त्राहि त्राहि मच रही है वहीं, दूसरी तरफ सिंग्रामपुर की मेन लाइन की पाईप लाईन टूट जाने से हजारों लीटर पानी बर्बाद हो रहा है लीकेज के कारण हर घर नल से जल योजना का पानी का प्रेशर नहीं आता है। इससे उन्हें पीने के लिए पर्याप्त पानी नहीं मिल पा रहा है। जबकि लीकेज के कारण आधे से अधिक पानी रास्ते में ही बर्बाद हो रहा है। इस ओर किसी का ध्यान नहीं है। की मेन लाइन को ठीक करवा दिया जाए यह स्थिति बीते 10 दिनों से बनी हुई है परेशान अधिकांश ग्रामवासी अनेकों बार ग्राम पंचायत शिकायत कर चुके हैं लेकिन ग्राम पंचायत से आश्वासन यह मिलता है अभी हर घर नल से जल योजना के के अंतर्गत पेयजल सप्लाई का कार्य चालू है ग्राम पंचायत में अपने हैंड में नहीं लिया है जिससे यह स्थिति ग्राम में अधिकांश जगह बनी हुई है वावजूद इसके हर घर नल से जल योजना के कर्मचारी सुधर कार्य के लिए मौके पर नहीं पहुंचे है नतीजन हजारों लीटर पानी घरों पहुंचने वजाय नालियों में बहकर बर्बाद हो रहा है। ग्रामवासी राजेंद्र जैन ने बताया मेरे घर के सामने में पाइपलाइन फूटी है 10 दिन के ऊपर हो गए हैं अभी तक नल जल योजना से कोई कर्मचारी सुधार कार्य के लिए नहीं पहुंचा है जिसकी जानकारी ग्राम पंचायत को दी गई लेकिन अभी तक समस्या का निराकरण नहीं हुआ है हालत यह बन गए है मेन लाइन में लीकेज की वजह से मुश्किल से घरेलू कनेक्शन में 4 से 6 गुम्मे ही पानी पहुंच रहा है। मनोज राज डिस्ट्रिक्ट मैनेजर दमोह का कहना है मैं अतिशीघ्र दिखाता हूं सुधार कार्य करवाता हूं।

## एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम में रूपाली बनी नायिका




**दमोह।** दमोह विश्व पर्यावरण दिवस पर स्थानीय शास एम एल बी क उ मा वि दमोह मे एक पेड़ मॉ के नाम कार्यक्रम का नवाचारी एवं अनूठा आयोजन किया गया। शाला की कक्षा दसवीं की टॉपर बिटिया कु रूपाली अहिरवार एवं उनकी मॉ श्रीमति विनीता अहिरवार ने मुख्य अतिथि के रूप में पहला पौधा रोपण कर पर्यावरण रक्षा का अनूठा संदेश दिया। कार्यक्रम में जिला प्रशासन की ओर से सी ई ओ जिला पंचायत श्री प्रवीण फुलपागरे ने कहा कि पर्यावरण प्रदूषण आज का बड़ा संकट है। यह मानवजनित है। इसे दूर करने के लिए समाज के प्रत्येक वर्ग को आगे आकर सामूहिक प्रयास करना होगा। प्राचार्य डॉ आलोक सोनवलकर ने कहा कि पर्यावरण क्षेत्र में चेतना जागृत करने की महती आवश्यकता है। कार्यक्रम में बी ई ओ बाय के कोरी सुशील गुप्ता,डॉ सौरभ सोनी, डॉ एल सी जैन, सुधीर विद्यार्थी श्रीमती सीमा अग्रवाल, श्रीमती निशा असाटी, आर बी सिंह, काशीराम अहिरवार पारस कुमार जैन, प्रागदास मिश्रा, श्रीमती प्रियंका अठ्या, मंगलेश पाण्डेय, प्रदीप जैन सहित बडी संख्या में स्टॉफ की उपस्थिति रही। कार्यक्रम के सफल संचालन सपना जैन एवं श्रुति राजपूत ने किया। अभार प्रदर्शन श्रीमति निशा असाटी ने किया । कार्यक्रम का समापन पर्यावरण गीत एवं शपथ द्वारा किया गया।

## श्रमण संस्कृति संस्कार शिक्षण शिविर 9 से 15 जून तक



**दमोह।** 9 जून से 15 जून तक दमोह जिले के जैन मंदिरों में आयोजित हो रहे श्रमण संस्कृति संस्कार शिक्षण शिविर की बैठक सम्पन्न हुई। जिसमें दमोह शहर के केंद्रों में सिंघई मंदिर, जबलपुर नाका जैन मंदिर, वसुंधरा मंदिर, नेमीनगर मंदिर, राजीव कॉलोनी मंदिर, साथ ही जबेरा, तेंदूखेड़ा, बनवार, हटा, अभाना, तेजगढ़ आदि स्थानों में यह शिविर आयोजित हो रहा है। शिविर प्रभारी डॉ प्रदीप के अनुसार शिविर अध्यक्ष अरविंद इटोरिया को चुना गया। इसी दौरान "पाठशाला शिक्षण समृद्धि कार्यशाला" के माध्यम से शिक्षकों ने पाठशाला की मजबूती हेतु योजनाएं बनाई और शिक्षण की रणनीतियों, पाठ्यक्रम को रुचिकर शैली में प्रस्तुत करना जाना और संपोषणीय विकास की निरंतरता हेतु अपेक्षित कार्य योजना पर विचार किया गया। कार्यशाला में आगंतुकों द्वारा कार्यशाला को प्रतिमास आयोजित करने का निवेदन पर डॉ प्रदीप जी ने सहमति दी। कार्यशाला में पाठशाला शिक्षकों के साथ ब्र. विनय जी, अमित जी, पंडित बाहुबली जी, अरुण कोर्ट, विनय मलैया, अवध जी रहे। श्री बाहुबली जी ने शिविर की विशेषता के बारे में बताते हुए बालक के मस्तिष्क विकास के साथ विद्यार्थी के बहुमुखी व्यक्तित्व का लक्ष्य शिविर में रखा गया। अंत में 9 जून से आयोजित शिविर के फॉर्म बैनर आदि बना आदि का विमोचन हुआ।

## टीबी मरीजों को फूड बास्केट वितरित




**पटेरा।** जिला औषधि विक्रेता सँघ दमोह के तत्वावधान मे पटेरा औषधि विक्रेता द्वारा पटेरा अस्पताल मे सभी केमिस्ट भाईयों द्वारा नि क्षय मित्र योजना के अँर्तगत टी.बी.मुक्त भारत की ओर एक कदम बढाया है। जिसमें टी.बी.मरीजों के लिए एक फूड बास्केट किट बाटी गई ।जिसमें रोज जीवन यापन से सँबँधित जरूरी सामान वितरण किया गया। इस तरह की पहल से अस्पताल मे पदस्थ डाक्टरों ,कर्मचारियों,मरीजों द्वारा पटेरा केमिस्टों भाईयों का धन्यवाद करते हुए सराहना की। इस अवसर पर पवन पालीवाल, अशोक सराफ, राजू जयसवाल, नरेंद्र अग्रवाल, नीरज गुप्ता, मुकेश पटेल, बहादुर पटेल, रईस खान, नीलेश सराफ, रमाकांत कुर्मी, दानिश, एवं सामुदायिक स्वस्थ केंद्र पटेरा से डा. बसंत लोडकर, डॉ. वेदांत व्यास, अमित अहिरवाल, क्षय रोग शैलेन्द्र अहिरवाल इंचार्ज आदि की उपस्थिति रही।

## योग दिवस के लिये बैठक का आयोजन



**पटेरा।** पटेरा शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पटेरा में 21 जून को होने वाले विश्व योग दिवस के तारतम में बैठक का आयोजन किया गया जिसमें सभी संकलन से हायर सेकेंडरी हाई स्कूल एवं माध्यमिक स्कूल के योग क्लब प्रभारी की सहभागिता रही। इस बैठक में जिला योग प्रभारी अशोक पाठक, विकासखंड शिक्षा अधिकारी मुकेश गुजरे, योग समिति विकासखंड अध्यक्ष राम सागर तिवारी, पटेरा योग समिति अध्यक्ष राजेश नेमा शामिल हुए जिसका संचालन विकासखंड योग प्रभारी श्रीश नेमा जी द्वारा किया गया साथ ही। शिक्षक कैलाश पटेल द्वारा आभार व्यक्त किया गया। बैठक में सुनिश्चित किया गया कि 21 जून को जो योग दिवस मनाया जाना है वह किस प्रकार से मनाया जाएगा सभी सभी विद्यालयों में योग का आयोजन किया जाएगा। साथ ही कल से ही सभी स्कूलों में जो योगासन विश्व योग दिवस के दिन करवाई जाना है इसका अभ्यास करवाया जाएगा।

क्षत्रिय राजपूत समाज का शौर्य प्रदर्शन, उमड़ा जनसैलाब, महाराणा प्रताप की जय-जयकार

# महाराणा प्रताप जयंती पर निकाली भव्य रैली






हरिभूमि न्यूज ▶▶ पटेरा

क्षत्रिय राजपूत समाज द्वारा पटेरा में वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की भव्य रैली निकाली गई। रैली का आयोजन श्री हरिहर राम मंदिर से प्रारंभ होकर बस स्टैंड होते हुए पुराना बाजार पहुंची, जहां युवा साथियों ने अपनी शौर्य और वीरता का परिचय देते हुए आकर्षक नृत्य किया।इसके बाद ब्लॉक तिराहा पंडरी तिराहा हटा तिराहा होते हुए मंगल भवन ग्राउंड के सामने मंच पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि ने वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप को माल्यार्पण कर पूजन किया। तत्पश्चात कार्यक्रम प्रारंभ हुआ, जिसमें जिला बड़ी से सभी पदाधिकारी और हटा ब्लॉक से पूरी कार्यकारिणी एवं बटियागढ़ ब्लॉक से पदाधिकारी शामिल हुए। रैली में जगह-जगह लोगों द्वारा स्वागत किया गया। । कार्यक्रम के अंत में जल पान वितरण किया गया और पटेरा ब्लॉक समिति द्वारा सभी वरिष्ठ जनों, युवा साथियों और सजातीय बंधुओं का आभार व्यक्त कर हृदय से नमन करते हुए राम-राम कहा गया। इस रैली के माध्यम से क्षत्रिय राजपूत समाज ने वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की वीरता और शौर्य को याद किया और उनकी विरासत को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया। पटेरा में उमड़े जनसैलाब ने महाराणा प्रताप की जय-जयकार की और उनकी वीरता का गुणगान किया।

# दुराचारी सरपंच को 10 वर्ष का कठोर कारावास

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

न्यायाधीश संतोष गुप्ता की अदालत ने एक महत्वपूर्ण निर्णय में आरोपी श्रीराम सिंह (30 वर्ष), निवासी ग्राम निबोरा कला (केरवना), थाना बटियागढ़ को भारतीय दंड संहिता की धारा 376 (बलात्कार) के तहत दोषसिद्ध पाते हुए 10 वर्ष के सश्रम कारावास एवं एक हजार रुपए के जुर्माने से दंडित किया है। प्रकरण में शासन की ओर से पैरवी शासकीय अभिभाषक राजीव बद्री सिंह ठाकुर द्वारा की गई। वर्ष 2022 में आरोपी श्रीराम सिंह ने फेसबुक के माध्यम से पीड़िता से संपर्क कर स्वयं को कुंवारा बताते हुए दोस्ती की। कुछ समय पश्चात वह पीड़िता के घर आने-जाने लगा और उसके पिता के समक्ष विवाह का प्रस्ताव रखा, जिसे स्वीकार कर लिया गया। आरोपी कई बार पीड़िता के साथ शारीरिक संबंध बनाता रहा। बाद में सरपंची चुनाव का बहाना बनाकर विवाह को टालता गया और फिर अचानक पीड़िता से संपर्क तोड़ दिया। जब पीड़िता ने पुनः विवाह की बात की, तो आरोपी ने गाली-गलौच कर यह स्वीकार किया कि वह पहले से शादीशुदा है और विवाह नहीं करेगा। साथ ही जान से मारने की धमकी भी दी। पीड़िता द्वारा महिला थाना दमोह में की गई शिकायत पर पुलिस ने FIR दर्ज कर आरोपी के विरुद्ध प्रकरण न्यायालय में प्रस्तुत किया। अभियोजन की सशक्त साक्ष्य प्रस्तुति के आधार पर न्यायालय ने माना कि पीड़िता की सहमति धोखे और भ्रम पर आधारित थी, अतः वह स्वतंत्र सहमति नहीं मानी जा सकती। सुप्रीम कोर्ट के प्रासंगिक निर्णयों का हवाला देते हुए यह स्पष्ट किया गया कि ऐसे मामलों में सहमति का खंडन करने का उत्तरदायित्व आरोपी पर होता है, जो वह पूरा नहीं कर पाया। विलंब से रिपोर्ट दर्ज कराने को न्यायालय ने प्राकृतिक यह कहते हुए माना कि बलात्कार पीड़िताएं सामाजिक भय एवं मानसिक दबाव के चलते सोच-विचार कर ही शिकायत दर्ज कराती हैं। निर्णय पश्चात आरोपी को सजा भुगताने हेतु जेल भेज दिया गया, जेल जाने से उसके सरपंच पद पर भी संकट उत्पन्न हो गया है।